रोहतक
शनिवार 4 अप्रैल 2026
वैशाख मास कृष्ण पक्ष, द्वितीय वर्ष : 30, अंक : 59
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 34.8
न्यून. 10.4

# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# ओलों ने तोड़ी फसलों की कमर : नूंह में बिछी सफेद चादर, कई जिलों में भारी नुकसान

**तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान, कई जिलों में जलभराव**

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश के कई जिलों में शुक्रवार को तेज आंधी चली, बारिश हुई और ओले गिरे। ओलों ने फसलों की कमर तोड़ दी। इसके कारण किसानों को भारी नुकसान का अंदेशा है। भिवानी और फतेहाबाद में तेज बारिश हुई। नूंह, पानीपत और फरीदाबाद में बारिश के साथ ओले भी गिरे। नूंह में सड़क पर सफेद चादर बिछ गई। हिसार में बूंदाबांदी हुई। फतेहाबाद में तेज आंधी चली। सिरसा में गुरुवार देर रात तेज बारिश हुई। यहां एक मकान पर बिजली गिरने से एक युवती घायल हो गई। मौसम विभाग ने नूंह, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम, रेवाड़ी, झज्जर में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी भी चलेगी। राज्य के बाकी हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।



### फसलों की कटाई प्रभावित

- बारिश और ओले गिरने से खेतों में फसलें टूटकर गिर गई हैं। अब और बारिश हुई तो दाना काला पड़ जाएगा। उत्पादन प्रभावित होगा और फसलों को बेचने में दिक्कतें आएंगी।
- कई जगह मंडियों में भी गेहूं और सरसों की फसल भीग गई है। इससे इसमें नमी आएगी और बेचने में परेशानी होगी।
- तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी ने फसल कटाई का कार्य बाधित है। किसानों के चेहरे मुरझाए नजर आए।

**तेजाखेड़ा व शेरांवाली माइनर टूटने से सौ एकड़ फसल डूबी**

**सिरसा।** गांव मौजगढ़ हेड से निकलने वाली तेजाखेड़ा माइनर व चोपटा क्षेत्र में शेरांवाली माइनर टूटने से 100 एकड़ फसल जलमग्न हो गई। शुक्रवार सुबह तेजाखेड़ा माइनर गांव अबूबशहर के पास टूट गई। माइनर के टूटने से करीब 60 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल पानी में डूब गई है। वहीं, गांव दड़बा कलां के पास शेरांवाली नहर टूटने से 40 एकड़ फसल पानी में डूब गई।

### मौसम में ठंडक बरकरार

शुक्रवार को अधिकतम तापमान में 1.0 डिग्री की गिरावट आने से दिन के समय गर्मी का असर कम हो गया। अधिकतम तापमान 34.5 डिग्री दर्ज किया गया। रात का तापमान इस सीजन में पहली बार 1.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 21.0 डिग्री पर पहुंच गया। बारिश और ओलावृष्टि के बाद मौसम ठंडा बना हुआ था।

### सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ

मौसम वैज्ञानिक डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार कई पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है। एक और विक्षोभ की सक्रियता के चलते 4 मार्च को भी आसमान में बादल छाए रह सकते हैं। तेज हवाओं के साथ बूंदाबांदी या हल्की बारिश हो सकती है। बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हो सकती है, जो फसलों को नुकसान पहुंचा सकती है। 10 अप्रैल तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा।

# यूएस का एक और अत्याधुनिक फाइटर जेट एफ-15 मार गिराया

**ईरान ने अमेरिका को दिया एक और बड़ा झटका इस विमान की कीमत 840 करोड़ रुपये थी**

**पायलट को पकड़ने के लिए सर्च अभियान जारी, इनाम का भी ऐलान किया**

**तेहरान (एजेंसी)।** ईरान ने अमेरिका का एक लड़ाकू विमान कथित तौर पर मार गिराया है। विमान को टारगेट किए जाने के बाद पायलट ने छलांग लगा दी। ऐसे में जेट के दो क्रू सदस्यों का पता लगाने के लिए ईरान में तलाशी और बचाव अभियान जारी है। युद्ध की शुरुआत के बाद यह पहली बार है, जब अमेरिका का कोई विमान ईरान ने सफलता के साथ मारकर नीचे गिराया गया है। एक अमेरिकी अधिकारी ने पुष्टि की है कि ईरान के ऊपर एक अमेरिकी लड़ाकू विमान को मार गिराया गया है ईरानी सरकारी मीडिया ने शुक्रवार को गिराए गए विमान के मलबे की तस्वीरें और वीडियो जारी किए हैं। इससे पहले 2 मार्च को कुवैत के ऊपर तीन अमेरिकी एफ-15 ई स्ट्राइक ईगल विमान पर फ्रेंडली फायर यानी अपनी ही सेना की गोलीबारी में गिर गए थे।



ईरानी सेना ने पायलट का पता देने पर इनाम का ऐलान किया है। ईरानी न्यूज एजेंसी मेहर के अनुसार पायलट को ढूंढने आए अमेरिकी हेलीकॉप्टर पर भी ईरान की ओर से हमला किया गया है। वहीं, ब्रिटेन की पहल पर ऑनलाइन हुई बैठक में 60 देशों ने भाग लिया। इसमें भारत की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि होर्मुज संकट में अब तक सिर्फ भारत के नाविक ही मारे गए हैं।

**राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों के क्रॉस वोटिंग का मामला**

# मीटिंग पर मीटिंग बेनतीजा आलाकमान करेगा फैसला

**अनुशासन कमेटी के सामने तीन विधायकों ने दिया जवाब**

**शैली, रेनू ने कमेटी के समक्ष पक्ष रखा, जरनैल ने लिखित में भेजा**

**चेयरमैन मलिक बोले 24 घंटे में देंगे रिपोर्ट**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस विधायकों के क्रॉस वोटिंग के मामले को लेकर लगातार हो रही मीटिंग पर मीटिंग बेनतीजा खत्म हो रही हैं। कांग्रेस की डिसिप्लिनरी एक्शन कमेटी (डीपीसी) यानी अनुशासन समिति ने भी अब मामला आलाकमान पर छोड़ दिया है। शुक्रवार को चंडीगढ़ में कांग्रेस अनुशासन समिति की बैठक हुई। इसमें क्रॉस वोटिंग के आरोपों में घिरीं नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी व साढौरा विधायक रेनू बाला भी पहुंचीं। दोनों ने कमेटी के समक्ष अपना पक्ष रखा। वहीं, रतिया के विधायक जरनैल सिंह ने अपना जवाब लिखित में भेजा है। कमेटी के अध्यक्ष धर्मपाल मलिक ने बताया कि पुन्हाना विधायक मोहम्मद इलियास और हथीन विधायक मोहम्मद इसराइल का शोकॉज नोटिस पर जवाब नहीं आया, जिससे साफ है कि उन्होंने क्रॉस वोट किया है। अब हाईकमान को रिपोर्ट बनाकर भेजी जाएगी। हाईकमान ही तय करेगा कि इन पर कब और क्या कार्रवाई करनी है।

**इन विधायकों ने रखा अपना पक्ष**


रेनू बाला
साढ़ौरा


शैली चौधरी
नारायणगढ़


जरनैल सिंह
रतिया

**इन्होंने नहीं दिया जवाब**


मो. इलियास
पुन्हाना


मो. इसराइल
हथीन

**आगे क्या**

कमेटी यदि इन विधायकों को पार्टी से सस्पेंड करने की सिफारिश करती है तो ये विधायक बने रहेंगे, लेकिन फिर खुलकर बागी रुख अपनाने का खतरा है। सस्पेंड होने के बाद कांग्रेस विधायकों की सदस्यता तो नहीं जाएगी, लेकिन उन्हें पार्टी व्हिप का पालन करना होगा।

### 5 विधायकों पर तलवार

हरियाणा अनुशासन मामलों की कमेटी के चेयरमैन धर्मपाल मलिक ने क्रास वोटिंग की आरोपित दो महिला विधायकों शैली चौधरी और रेनू बाला का पक्ष सुनने और जरनैल सिंह का जवाब मिलने की पुष्टि करते हुए साफ कर दिया है कि वे इसकी रिपोर्ट तैयार कर हाईकमान को 24 घंटे के अंदर भेज रहे हैं। बैठक में पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, विधायक अकरम खान, रोहित जैन और अनिल धंतौड़ी पूर्व विधायक ने हिस्सा लिया। बैठक के बाद 5 विधायकों पर निष्कासन की तलवार लटक जाने के संकेत मिल रहे हैं, जबकि जिन विधायकों का वोट रद्द हुआ है, उनको अभयदान मिलने के संकेत मिले हैं।

### दोनों महिला विधायक बोलीं पार्टी लाइन में वोट दिया

समिति के सामने पेश हुईं दो महिला विधायकों ने खुलकर अपनी बात रखी दोनों ही एक सुर में बोलीं-"हमने पार्टी लाइन में ही वोट दिया है।" बैठक में तीन विधायकों द्वारा नोटिस का जवाब दिए जाने दो के पेश होने और दो विधायकों मोहम्मद इलियास और इजराइल द्वारा जवाब तक नहीं देने को लेकर भी मंथन हुआ।

# एजेएल मामले में पूर्व सीएम हुड्डा और वोहरा आरोपमुक्त

**पंचकूला (हरिभूमि न्यूज)।** पंचकूला में प्रकाशन समूह एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) को प्लॉट आवंटन मामले में पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा को पंचकूला में सीबीआई की विशेष कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शुक्रवार को कोर्ट ने हुड्डा और एजेएल के चेयरमैन रहे मोतीलाल वोहरा को आरोप मुक्त कर दिया। एमपी के सीएम रहे वोहरा का 6 साल पहले निधन हो चुका है, जबकि 78 वर्षीय हुड्डा खुद कोर्ट में पेश हुए। सीबीआई की विशेष कोर्ट ने सुनवाई के बाद उनके खिलाफ लगाए सभी आरोपों को खारिज कर दिया। ये मामला पंचकूला सेक्टर-6 स्थित 3,360 वर्ग मीटर के सरकारी भूखंड के आवंटन से जुड़ा था। सीबीआई ने हुड्डा समेत एचएसवीपी के 4 वरिष्ठ अधिकारियों को आरोपी बनाया था। हुड्डा पर आरोप है कि 64.93 करोड़ रुपये का प्लॉट एजेएल को 69 लाख 39 हजार रुपये में दिया। लेकिन अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर इन आरोपों को टिकाऊ नहीं माना और सभी को दोषमुक्त करार दिया।


सीबीआई की विशेष अदालत ने आरोपों को खारिज किया

# सूबे में अब घर बैठे हो सकेगा मकान-दुकान का नक्शा पास

**सीएम सैनी के निर्देश, पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होगी**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में अब घर बैठकर ही आप अपने घर, मकान और कमर्शियल बिल्डिंगों के नक्शे पास करवा सकेंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश में बनाई जाने वाली घरेलू एवं वाणिज्यिक इमारतों के लिए नगर निकाय विभाग से पास होने वाले नक्शों की पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने से न केवल पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि नागरिकों को भी सुविधा मिलेंगी और प्रक्रिया में लगने वाला समय कम होगा। उन्होंने इसके लिए समय सीमा निर्धारित करते हुए अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री सैनी सचिवालय में शुक्रवार को शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।



### वेस्ट वाटर के रीयूज के निर्देश

मुख्यमंत्री ने शहरी क्षेत्रों में वेस्ट वाटर के पुनः उपयोग (रीयूज) को लेकर भी गंभीरता से कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहरों में स्थापित एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) से निकलने वाले पानी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए। ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे बड़ी-बड़ी इंडस्ट्री, पार्क और खेती में इस ट्रीटेड पानी का प्रभावी उपयोग हो सके।

### 2200 से ज्यादा सड़कें होंगी चकाचक

शहरी स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को यह भी बताया कि विभाग के अंतर्गत आने वाले हरियाणा के विभिन्न निकाय क्षेत्रों में कुल 2,276 सड़कों की पहचान की गई है। इनमें से 1,144 सड़कों का निर्माण 510.34 करोड़ की लागत से किया जाएगा।

**आयात नियम भी सख्त**

# अमेरिका ने दवाओं पर लगाया 100% टैरिफ

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान युद्ध के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और विवादित कदम उठाया है। उन्होंने अमेरिका में आयातित ब्रांडेड दवाओं पर 100% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने स्टील और एल्यूमिनियम जैसी धातुओं के आयात से जुड़े नियम भी सख्त कर दिए हैं। ट्रंप ने इन दोनों फैसलों से जुड़े कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के लिए अलग-अलग शुल्क दरों का भी उल्लेख प्रशासन ने आयातित स्टील, एल्यूमीनियम और तांबे पर 50% टैरिफ से जुड़े नियम बदले हैं।



**सीबीएसई का ऐलान**

# कक्षा 6 से त्रिभाषा प्रणाली लागू होगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने नया शैक्षिक कार्यक्रम लागू कर दिया है, जिसके तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 से कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान की दो-स्तरीय प्रणाली व कक्षा 6 से तीन-भाषा फॉर्मूले का चरणबद्ध कार्यान्वयन शुरू किया जाएगा। सीबीएसई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत फॉर्मूला शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू किया जाएगा, जबकि कक्षा 9 के लिए गणित और विज्ञान में अनिवार्य मानक एवं वैकल्पिक उन्नत पाठ्यक्रमों की दो-स्तरीय प्रणाली शुरू की जाएगी।

**कक्षा 9 के लिए गणित विज्ञान के 2 स्तर होंगे**

**10 को लेंगे सांसद के रूप में शपथ**

# नीतीश 12 अप्रैल को देंगे सीएम पद से इस्तीफा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में नई सरकार के गठन की प्रक्रिया अगले दस दिनों बाद शुरू हो जाएगी। नीतीश कुमार 12 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे। संभावना है कि 14 अप्रैल को बिहार में नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह होगा। नए मुख्यमंत्री के साथ नए मंत्रिमंडल का भी शपथग्रहण होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नौ अप्रैल को दिल्ली के लिए रवाना होंगे। दस अप्रैल को वह राज्यसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेंगे। इसके बाद 11 अप्रैल को वह दिल्ली लौटेंगे और अगले दिन यानी 12 अप्रैल को इस्तीफा होगा।



**देश के 'परमाणु त्रय' के नौसैन्य घटक को और मजबूती मिली**

# तीसरी परमाणु पनडुब्बी 'आईएनएस अरिदमन' बढ़ाएगी नौसेना की ताकत

**अरिहंत देश की पहली स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी**

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

भारत ने स्वदेशी रूप से निर्मित अपनी नई परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी 'आईएनएस अरिदमन' को शुक्रवार को सेवा में शामिल कर लिया, जिससे देश के 'परमाणु त्रय' के नौसैन्य घटक को और मजबूती मिली है। विश्वसनीय सूत्रों ने यह जानकारी दी। भारत का परमाणु-चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी (एसएसबीएन) कार्यक्रम एक अत्यंत गोपनीय परियोजना है। 'आईएनएस अरिहंत' एसएसबीएन परियोजना के तहत पहली पनडुब्बी थी, जिसके बाद दूसरी पनडुब्बी 'आईएनएस अरिघात' आई। भारत उन चुनिंदा देशों के समूह में शामिल है, जिनके पास परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियां हैं। जिन देशों के पास ऐसी क्षमताएं हैं, उनमें अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस और चीन शामिल हैं।

**रक्षामंत्री राजनाथ बोले- 'शब्द नहीं शक्ति है, 'अरिदमन'!'**



### ये शक्तिशाली पनडुब्बी

आईएनएस अरिहंत भारत की पहली स्वदेशी परमाणु पनडुब्बी है। इसकी शुरुआत जुलाई 2009 में की गई थी और 2016 में इसे सेवा में शामिल किया गया। नौसेना ने अगस्त 2024 में अपनी दूसरी स्वदेशी एसएसबीएन पनडुब्बी आईएनएस अरिघात को सेवा में शामिल किया। एसएसबीएन का पूरा नाम 'शिप सबमर्सिबल बैलिस्टिक न्यूक्लियर' या परमाणु चालित बैलिस्टिक मिसाइल पनडुब्बी है। महीनों तक चले समुद्री परीक्षणों के बाद 'आईएनएस अरिदमन' को सेवा में शामिल किया है।



## मुख्यमंत्री ने कहा, आबादी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार करें परियोजनाएं

# गांवों में हो सफाई, शहरों में न हो जलभराव

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि सरकार का स्वच्छता पर फोकस है। उन्होंने कहा कि गांवों में सफाई हो और शहरों में किसी भी हालत में जलभराव न हो। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सिविल सचिवालय में हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के गांवों में तालाबों तथा अपशिष्ट जल निकासी व्यवस्था की नियमित और समयबद्ध सफाई सुनिश्चित की जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि गांवों के तालाबों से बदबू नहीं आनी चाहिए और घरों में पानी भरने की स्थिति किसी भी हाल में नहीं बननी चाहिए। इसके लिए सफाई, गाद निकासी और जल निकास कार्यों को सुनियोजित एसओपी के तहत संचालित किया जाए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता, गुणवत्ता और जवाबदेही सुनिश्चित हो।उन्होंने निर्देश दिए कि जिन तालाबों का निर्माण, पुनर्निर्माण अथवा आधुनिकीकरण किया जा रहा है, उन्हें बेहतर प्लानिंग, आधुनिक तकनीक और वैज्ञानिक डिजाइन के साथ विकसित किया जाए। तालाबों के आसपास सौंदर्यीकरण कार्य भी कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुविधा मिल सके।

- तालाबों की सफाई एसओपी के अनुसार होनी चाहिए
- किसी स्तर पर लापरवाही को सहन नहीं किया जाएगा



### सफाई में लापरवाही पर अधिकारियों व सरपंचों की जिम्मेदारी तय होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि तालाबों की सफाई और जल निकासी व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सोलर पंपों के माध्यम से पानी की नियमित सफाई और प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि यदि किसी गांव में सफाई व्यवस्था में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित अधिकारी, सरपंच और जिम्मेदार कर्मचारियों की जवाबदेही तय कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने प्रत्येक गांव में पंचायत सचिव की ड्यूटी तालाबों की नियमित निगरानी के लिए निर्धारित करने तथा सफाई व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सफाई कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ, सुव्यवस्थित और उपयोगी जल संरचनाएं विकसित करना है, ताकि ग्रामीणों को पूर्ण सुविधा मिले और जलभराव, गंदगी तथा दुर्गंध जैसी समस्याओं से स्थाई राहत मिल सके।

#### 6538 तालाबों को कार्ययोजना में शामिल किया

उल्लेखनीय है कि हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा प्रदेश के 6538 तालाबों को कार्ययोजना में शामिल किया गया है, जिनमें से अब तक 2758 कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। इनमें 1718 कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि 484 कार्य प्रगति पर हैं। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजेंद्र कुमार, विकास एवं पंचायत विभाग आयुक्त एवं सचिव डॉ. साकेत कुमार, शहरी स्थानीय निकाय विभाग आयुक्त एवं सचिव अशोक कुमार मीणा, मुख्यमंत्री के उप प्रधान सचिव डॉ. यशपाल, मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा सहित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### फरीदाबाद का विकास प्राथमिकता सूची में सबसे ऊपर : नायब

**फरीदाबाद**। मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी शुक्रवार को सूरजकुंड स्थित राजहंस होटल पहुंचे है। फरीदाबाद में यह उनका दो दिन का दौरा रहने वाला है। होटल राजहंस में सीएम फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक ले रहे हैं। बैठक में केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, राज्य मंत्री राजेश नगर विधायक धनेश अदलखा, विधायक सतीश फागना, विधायक मूलचंद शर्मा और मेयर प्रवीण बत्रा जोशी मौजूद रहीं। इस बैठक में शहर की आधारभूत संरचना, यातायात व्यवस्था, जल आपूर्ति, सीवरेज और शहरी नियोजन से जुड़ी विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। साथ ही, इन परियोजनाओं को गति देने के लिए आवश्यक बजट को मंजूरी दी जाएगी।

#### आज विकसित फरीदाबाद रैली में देंगे सौगातें

वहीं शनिवार को हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की ओर से सेक्टर-12 में एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली को धन्यवाद एवं विकसित फरीदाबाद रैली नाम दिया गया है, जिसमें मुख्यमंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। रैली में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद जताई जा रही है।

### प्रदेश के 6618 गांवों में से 6520 ओडीएफ प्लस घोषित : रस्तोगी

चंडीगढ़। स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण के तहत हरियाणा ने देश में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में अपनी मजबूत पहचान बनाई है। ग्रामीण स्वच्छता के प्रमुख मानकों पर राज्य ने राष्ट्रीय औसत को पीछे छोड़ते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। ओडीएफ प्लस मॉडल श्रेणी में हरियाणा ने 91.08 प्रतिशत कवरेज दर्ज किया है, जो राष्ट्रीय औसत 85.3 प्रतिशत से काफी अधिक है।राज्य के कुल 6,618 गांवों में से 6,520 गांव ओडीएफ प्लस घोषित किए जा चुके हैं, जबकि 6,028 गांवों ने मॉडल स्टेटस प्राप्त कर लिया है। यह उपलब्धि ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में हरियाणा की निरंतर प्रगति को दर्शाती है।मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हरियाणा राज्य स्वच्छ भारत मिशन की कार्यकारी समिति की पांचवीं बैठक मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें राज्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए 291.40 करोड़ की महत्वाकांक्षी वार्षिक कार्यान्वयन योजना को मंजूरी दी गई। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव ने जानकारी दी कि अब तक राज्य में 7.35 लाख से अधिक व्यक्तिगत घरेलू शौचालय बनाए जा चुके हैं।

### स्कूली बच्चों के पोषण के लिए 747 करोड़ स्वीकृत : रस्तोगी

**चंडीगढ़**। सरकार ने स्कूली बच्चों के पोषण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत वर्ष 2026-27 के लिए 747 करोड़ रुपये के बजट को स्वीकृति प्रदान की है। राज्य के स्कूली बच्चों को पोषण सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही यह एक प्रमुख योजना है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में शुक्रवार यहां हुई राज्य स्तरीय संचालन एवं निगरानी समिति (एसएलएसएमसी) की उच्च स्तरीय बैठक में इसकी स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में योजना के वर्तमान क्रियान्वयन, वित्तीय प्रगति तथा आगामी वर्ष की कार्ययोजना की भी व्यापक समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने सभी जिलों में गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण मानकों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

**DD NO.25 दिनांक 02.04.2026 धारा 194 बी.एन.एस एस थाना मोहाना जिला सोनीपत ।**

**नाश की पहचान**
नाम- नामपता नामालूम ।
पिता का नाम नामालूम ।
पता-नामालूम ।
30 वर्ष । उम्र-
कद- 5 फुट 5 ईन्च ।
हुलियाः- रंग सांवला, जीभ बाहर निकली, गोल चेहरा, शरीर फुला हुआ, एक आँख बंद और एक आँख खुली, काले बाल है।
पहनावाः नीले रंग की टी-शर्ट व, काले रंग लोवर पहने हुए है।




सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 02.04.2026 को एक पता नामालुम व्यक्ति की नाश गांव चटिया देवा के पास भैसंवान नहर सोनीपत से मिली है। नाश की शिनाख्त नहीं हो सकी है। नाश को शिनाख्त के लिए सिविल अस्पताल सोनीपत की मोर्चरी में 72 घटें के लिए रखवाया गया है। अगर किसी को उपरोक्त नाश के बारे कोई सुराग मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।
प्रबन्धक थाना मो० न0 - 7419410543
अनुसंधान कर्ता मो0 न0 – 7015262081
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903

अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत ।

पीआरडीएच-1084/11/4650/2027/44390/88/6 दि. 03.04.2026

**HAFED CATTLE FEED PLANT, ROHTAK**
(A UNIT OF THE HARYANA STATE COOPERATIVE SUPPLY AND MARKETING FEDERATION LIMITED)
TEL: 276709, FAX: 277101, E-mail: cfphfdrtk@hry.nic.in, Web-site: www.hafed.gov.in
HAFED

**SHORT TENDER NOTICE**

Sealed Quotation are invited from the reputed contractors for construction and various type repair work details are given below:-

| S N | Name of work | Estimated cost. | Closing Date. | Sealed Quotation Opening date | EMD | Time Limit |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction work of 2000 MT capacity plinth at Hafed Cattle Feed Plant, Rohtak | 6,60,306/- | 06.04.2026 at 02.00 PM | 06.04.2026 at 4.00 PM | 15000/- | 20 Days. |

Interested parties may collect the DNIT and related Documents from HCFP Rohtak From 04.04.2026 to 06.04.2026 till 02:00 PM on Payment of Rs-250 only. The quotation form Duly filled in should be accompanied with above said earnest money in the shape of bank demand draft/ Online transfer in favour of "Haryana State cooperative supply and marketing federation Limited Payable at Rohtak" Conditional/ Incomplete/ Telephonic/Through FAX quotation without the earnest money will not be entertained. Interested parties are requested to submit their quotation in the prescribed quotation format in the Cattle Feed Plant office, Hafed Rohtak up to 02:00 P.M. on 06.04.2026 and the same will be opened on the same day at 4.00 P.M in the presence of parties or their authorized representative.

Hafed reserves the right to accept/reject any or all the quotations without assigning any reasons whatsoever.

**Sd/- General Manager,
Hafed, CFP, Rohtak.**

## खबर संक्षेप

### बोर्डों व निगमों में रिक्त पड़े ग्रुप-डी के पद भरे जाएंगे

**चंडीगढ़**। सरकार ने चौकीदार और सफाई कर्मचारी के पदों को छोड़कर बोर्डों, निगमों, वैधानिक निकायों तथा सरकारी नियंत्रण वाली अन्य संस्थाओं में ग्रुप-डी के सभी रिक्त पदों को भरने का निर्णय लिया है। इन पदों पर भर्ती हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के माध्यम से की जाएगी। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों तथा बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों को पत्र लिखकर अपने-अपने विभागों और संबद्ध संस्थाओं में ग्रुप-डी के रिक्त पदों का विस्तृत विवरण 10 अप्रैल तक भेजने के निर्देश दिए।

### आरोही स्कूल कर्मियों को पक्का करने का आदेश

**चंडीगढ़**। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार और आरोही एजुकेशनली बैकवर्ड ब्लॉक्स व मॉडल स्कूल सोसाइटी को कड़ा झटका देते हुए संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) कर्मचारियों को नियमित करने के स्पष्ट आदेश दिए हैं। अदालत ने कहा कि जो कर्मचारी पांच वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी कर चुके हैं, वे नियमित नियुक्ति के हकदार हैं।

### पदोन्नत कर्मियों ने विस स्पीकर का आभार जताया

**चंडीगढ़**। हरियाणा विधान सभा सचिवालय में पदोन्नत हुए कर्मचारियों ने शुक्रवार को विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने विस अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ और स्मृतिचिह्न भेंट किए। सचिवालय में विभिन्न पदों पर 20 कर्मचारी पदोन्नत हुए हैं। विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विधानसभा के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे7

### फसल खरीद पर लगाई शर्तों से किसान परेशान : हुड्डा

**चंडीगढ़**। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि मंडियों में खरीद शुरू तो हुई है लेकिन, किसान को परेशानी के सिवा कुछ नहीं मिल रहा। ट्रैक्टर पर बड़ी नंबर प्लेट, बायोमेट्रिक, गेट पास, 3 गारंटर जैसी ऐसी-ऐसी शर्तें लगाई जा रही है कि किसान किसान परेशान होकर मंडी के बाहर ही फसल बेचकर चला जाए। आदमी के पास ट्रैक्टर तो है नहीं। सरकार द्वारा ऐसी शर्तें लगायी जा रही है कि किसान औने-पौने भाव में फसल बेचने को मजबूर हो रहा है। हुड्डा ने कहा कि हम किसान के साथ खड़े हैं और डटकर सरकार का विरोध करेंगे। कल से वो स्वयं और पार्टी के अन्य पदाधिकारी, विधायक अपने-अपने हलकों में पड़ने वाली मंडियों का दौरा शुरु करके जमीनी हकीकत देखेंगे। नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय किसानों को एमएसपी मिलता था लेकिन भाजपा सरकार में किसान को कभी पूरा एमएसपी नहीं मिलता। किसानों को ओलावृष्टि, बारिश से भारी नुकसान हुआ है। सरकार ने न तो स्पेशल गिरदावरी कराई न मुआवजा दिया न ही कोई बोनस देने की बात की।



### मंडियों में खरीद ठप, किसानों को घंटों लाइन में खड़ा कर रही सरकार: ढांडा

**चंडीगढ़**। आप पार्टी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने हरियाणा की सरकार और मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में गेहूं और सरसों की सरकारी खरीद पूरी तरह से चरमरा गई है। 1 अप्रैल से खरीद शुरू होने के बावजूद मंडियों में हालात इतने खराब हैं कि किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर भटक रहा है, लेकिन सरकार और एजेंसियां पूरी तरह नाकाम साबित हो रही हैं। ढांडा ने कहा कि सिर्फ दो दिनों में प्रदेश की मंडियों में करीब 70 हजार मीट्रिक टन गेहूं पहुंच चुका है, लेकिन सरकारी खरीद 3 प्रतिशत के आसपास सिमट कर रह गई है। कई जिलों में तो हालात ऐसे हैं कि मंडियों में फसल पहुंचने के बावजूद खरीद शुरू ही नहीं हुई। नमी का बहाना बनाकर किसानों को वापस लौटा दिया जा रहा है।

#### किसानों से सीधा अन्याय

यह सिर्फ लापरवाही नहीं बल्कि किसानों के साथ सीधा अन्याय है। एक तरफ किसान कड़ी मेहनत के बाद फसल लेकर मंडी पहुंच रहा है, दूसरी तरफ सरकार उसकी फसल लेने से बचने के बहाने ढूंढ रही है। अनुराग ढांडा ने बताया कि मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर 1280 किसानों का 38,877 एकड़ जमीन का डेटा मिसमैच है, जिसके कारण ये किसान अपनी फसल बेच ही नहीं पा रहे। अकेले मेवात में करीब 19,923 एकड़ फसल का डेटा गड़बड़ है। यह सीधे-सीधे प्रशासनिक विफलता और किसानों के साथ अन्याय है।



**नगरपरिषद, भिवानी।**

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए निम्न निर्देश जारी किये जाते हैं-

सभी नागरिक यह सुनिश्चित करें कि उनके भवनों में निर्मित/निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक का निर्माण BIS मानक IS:2470 (part_1 & Part-2 के अनुसार की किया जाएगा।

भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार मैनुअल सफाई करवाना दंडनीय अपराध है जिसके लिए संबंधित व्यक्ति/संस्था के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नगर के सभी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे उपरोक्त निर्देशों का पालन करें तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें। यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

कार्यकारी अधिकारी, नगरपरिषद, भिवानी।

सूचनार्थ

INDICATORS BENCHMARK (MUNICIPAL COUNCIL, BHIWANI)

| Category | Indicator | Benchmark |
|---|---|---|
| Water | . Coverage of water supply connection | 100% |
| | . Per capita supply of water | 135 lped |
| | . Extent of Non revenue water | 15% |
| | . Extent of metering | 100% |
| | . continuity of water supplied | 24 hours |
| | . Efficiency in redressal of customer complaints | 80% |
| | . Quality of Water Supplied | 100% |
| | . Cost Recovery | 100% |
| | . Efficiency in collection of water charges | 90% |
| Sewerage | . Coverage of Toilets | 100% |
| | . Coverage of Sewerage Network | 100% |
| | . Adequancy of Sewerage Treatment | 100% |
| | . Quality of Sewerage Treatment | 100% |
| | . Extent of Reuse and Recycling | 20% |
| | . Cost recovery in Waste water management | 100% |
| | . Efficiency in complaint redressal | 80% |
| | . Collection efficiencycharges | 90% |
| Solid Waste Management | . Household Level Coverage | 100% |
| | . Efficiency in Collection | 100% |
| | . Segregation of MSW | 80% |
| | . MSW Recovered | 90% |
| | . Scientific Disposal | 100% |
| | . Cost recovery | 100% |
| | . Collection of Charges | 90% |
| | . Complaint redressal | 80% |
| Storm Water | . Coverage | 100% |
| Drainage | . Incidence of water logging | 0% |

हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी,
नगरपरिषद, भिवानी।

### स्कूल साइट आवंटन मामले में एफआईआर के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे आईएएस सुरेश

**चंडीगढ़**। हरियाणा के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी डी सुरेश ने अपने खिलाफ दर्ज होने वाली एफआईआर की मंजूरी को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने याचिका पर राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। याचिकाकर्ता डी सुरेश, जो 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और वर्तमान में नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में प्रधान आवासीय आयुक्त के पद पर तैनात हैं, ने 2 फरवरी को जारी उस पत्र को चुनौती दी है, जिसके तहत उनके खिलाफ आपराधिक साजिश, आपराधिक विश्वासघात, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करने की मंजूरी दी गई थी। यह पूरा मामला गुरुग्राम के सेक्टर-23 स्थित एक स्कूल साइट के पुन आवंटन से जुड़ा है, एचएसवीपीको कथित वित्तीय नुकसान पहुंचाने के आरोप लगाए गए हैं। उस समय डी. सुरेश पंचकूला में एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक के पद पर कार्यरत थे। राज्य सतर्कता ब्यूरो ने नवंबर 2019 में इस मामले में जांच शुरू की थी। कई अधिकारियों को आरोपी बनाया था।



- वरिष्ठ आईएएस पर भ्रष्टाचार व साजिश रचने का आरोप

### एलपीजी की कमी का मुद्दा हाईकोर्ट पहुंचा, याचिका का निस्तारण

चंडीगढ़। हरियाणा में एलपीजी सिलेंडरों की कथित कमी और आपूर्ति में असमानता को लेकर दायर जनहित याचिका का पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने निस्तारण कर दिया है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता पहले संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत रखे, जिसके बाद तय समय सीमा में उस पर निर्णय लिया जाएगा। चीफ जस्टिस शील नागू और जस्टिस संजीव बेरी की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता द्वारा उठाया गया मुद्दा सार्वजनिक हित से जुड़ा अवश्य है, लेकिन इसके समाधान के लिए प्रशासनिक प्रक्रिया का पालन आवश्यक है।

### न्याय व्यवस्था का उद्देश्य प्रतिशोध नहीं बल्कि पुनर्वास होना चाहिए: हाईकोर्ट

**चंडीगढ़**। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि न्याय व्यवस्था का उद्देश्य क्रूर प्रतिशोध नहीं बल्कि सुधार और पुनर्वास होना चाहिए। कोर्ट ने एक दोहरे हत्याकांड के दोषी की समयपूर्व रिहाई याचिका खारिज करने के आदेश को रद्द कर दिया और मामले पर दोबारा विचार करने का निर्देश दिया है। यह मामला एक ऐसे दोषी से जुड़ा है जिसे वर्ष 1998 में हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। दोषी 20 वर्ष से अधिक की सजा काट चुका है और रियायत भी पूरी कर चुका था। इसके बावजूद राज्य स्तर की समिति ने सितंबर 2025 में उसकी समयपूर्व रिहाई की मांग ठुकरा दी थी। हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणियां करते हुए कहा कि क्रूर प्रतिशोध को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता और भावनाओं के आधार पर कठोर दंड को बढ़ावा देना उचित नहीं है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि न्याय का उद्देश्य केवल सजा देना नहीं, बल्कि सुधार करना भी है।

- दोहरे हत्याकांड के दोषी की समयपूर्व रिहाई याचिका खारिज करने का आदेश रद

## एक्सीडेंट में घायल की सुनवाई के दौरान मृत्यु होने पर भी खत्म नहीं होगा मुआवजा दावा

#### हाईकोर्ट बोला : मृतक के कानूनी वारिस भी दावा आगे बढ़ा सकते हैं

**चंडीगढ़**। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने मोटर वाहन दुर्घटना से जुड़े मुआवजा मामलों में एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए स्पष्ट किया है कि यदि किसी दावेदार की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो जाती है, तो केवल इसी आधार पर उसकी याचिका खारिज नहीं की जा सकती। अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में मृतक के कानूनी वारिस दावा आगे बढ़ा सकते हैं। अदालत एक अपील पर सुनवाई कर रही थी, जिसे मूल दावेदार के कानूनी प्रतिनिधियों ने दाखिल किया था। अपील में मोटर एक्सीडेंट क्लेम्स ट्रिब्यूनल के 20 मार्च 1999 के उस आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें दावेदार की मृत्यु के बाद यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी गई थी कि मुकदमा जारी रखने का अधिकार समाप्त हो गया है। मूल दावेदार एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थी और लंबे समय तक अस्पताल में इलाजरत रही। इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। ट्रिब्यूनल ने यह मानते हुए कि मृत्यु के बाद दावा जीवित नहीं रहता, याचिका को खारिज कर दिया।

### बाहरी को प्रतिनियुक्ति के स्थान पर अपने कर्मियों को पदोन्नति दें

**चंडीगढ़**। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन में भर्ती और पदोन्नति से जुड़े लंबे समय से लंबित विवाद पर महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए प्रशासन को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अपने कर्मचारियों के हितों को प्राथमिकता देते हुए पदोन्नति पर निर्णय लिया जाए। दीपक कुमार निशाद और अन्य ने याचिका दाखिल करते हुए 2017 में केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण चंडीगढ़ द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी थी। उस आदेश में 2013 की भर्ती प्रक्रिया के तहत सुपरवाइजर पद पर की गई नियुक्ति को रद्द कर दिया गया था और नए भर्ती नियम बनाने के निर्देश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने दोनों पक्षों की सहमति को ध्यान में रखते हुए मामले का निपटारा किया और अहम निर्देश दिए।

**हरियाणा सरकार | निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला सिटी निर्वाचन क्षेत्र में अम्बाला जिले में प्रांतीय मंडल सं. 1, लोनिवि भ व प, शाखा, अम्बाला कैंट के तहत मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा 3 अदद सड़कों की विशेष मरम्मत (रोड आईडी 32, 218 और 219) (बकाया कार्य)। | 30.03.2026 09.04.2026 | 198.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | यमुनानगर में लोनिवि विश्राम गृह के लैंडस्कैपिंग कार्य का वार्षिक रखरखाव। | 06.04.2026 13.04.2026 | 5.76 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 eehortpwd@gmail.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | आरडी 235070 जेएलएन फीडर पर लोहारू फीडर हैड और बाकरा माइनर हैड की मरम्मत और पेंटिंग। | 02.04.2026 08.04.2026 | 2.16 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896410404 xenfdrrtk@gmail.com |
| 4 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | केसीबी ड्रेन के आरडी 38500 पर वीआर ब्रिज का पुनर्निर्माण। | बंद होने की तिथि 14.04.2026 | 228.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | भिवानी सब ब्रांच आरडी 54950, 65200 की पैरापेट की मरम्मत और भैंसी माइनर आरडी 2500, 5700, 13000,16000, 22000, 136228 और 134758 महम माइनर के पैरापेट की मरम्मत + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 08.04.2026 | 9.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 6 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | बुप्प :- आकार 51.22×51.22×3.66 मी. के 1 अदद स्टोरेज सैडीमेंटेशन टैंक का निर्माण, आकार 5.49×3.66×1.83 मी. के 1 अदद आरसीसी हाई लेवल टैंक का निर्माण, आकार 7.93×5.49 मी. के 1 अदद आरसीसी फिल्टर बैड, पम्पिंग मशीनरी का निर्माण, 150 मिमी आई/डी डी.आई. राइजिंग मेन, वितरण पाइप लाइन बिछाना और टैप कनेक्शन की बहाली तथा उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। | 02.04.2026 13.04.2026 | 84.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467070175 eepsirsa@gmail.com |
| 7 | महिला एवं बाल विकास चरखी दादरी | खाद्य मदों और अन्य मदों के परिवहन हेतु निविदा सूचना के सम्बन्ध में। | 01.04.2026 09.04.2026 | 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 7015347247 dpowcddadri@gmail.com |
| 8 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकूला हरियाणा | 1. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (3सीएस क्षमता) 2. इलैक्ट्रिक पम्पिंग सैट्स (5सीएस क्षमता), 3. डीजल इंजन पम्पिंग सैट्स (2सीएस क्षमता)। | 04.04.2026 20.04.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 9 | राज्य परिवहन निदेशालय, हरियाणा | हरियाणा रोडवेज के डिपुओं में आवश्यक 5.00 करोड़ (लगभग) मैनुअल बस टिकटों के मुद्रण हेतु दो वर्षीय दर अनुबंध के लिए निविदा सूचना। | 08.04.2026 07.05.2026 | 30 लाख | https://hartrans.gov.in | 1722709809 dtcstore-dst@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/180/44416/I/88/6 दि. 03.04.26


# राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस की अंदरूनी कलह सामने आई : कैप्टन अभिमन्यु

## भिवानी में पत्रकारों से रूबरू हुए पूर्व वित्त मंत्री ▶▶ भाजपा कार्यालय के बाहर विस्फोट को बताया विरोधी ताकतों की साजिश

### पूर्व सांसद जंगबीर सिंह के निधन पर परिवार को बंधाया ढांढस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने राज्यसभा की वोटिंग पर कहा कि एक आजाद उम्मीदवार था, जिसे कांग्रेस के विधायकों का समर्थन मिलने की प्रक्रिया शुरू हुई। उन्होंने कहा कि किसका वोट रद्द हुआ और किसका नहीं, इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं है, लेकिन मुकाबला काफी रोचक रहा। कांग्रेस की अंदरूनी परिस्थितियों के बीच उसने तीसरी बार राज्यसभा चुनाव में "चमत्कार" दिखाया है।पत्रकारों द्वारा लोभ-लालच या पद की लालसा में वोट रद्द होने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इसका जवाब वही देंगे जो इसमें शामिल हैं लेने वाला, देने वाला, कराने वाला और करने वाला। वे तोशाम रोड स्थित पूर्व सांसद स्वर्गीय जंगबीर सिंह के निधन पर शोक जताने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जंगबीर सिंह राजनीतिक व्यक्ति कम और सामाजिक व्यक्ति ज्यादा थे। उनका जीवन अत्यंत आदर्श रहा और समाज के प्रति उनका सरोकार हमेशा बना रहा। वे बहुत ही मिलनसार और विनम्र स्वभाव के थे। उन्होंने कहा कि जंगबीर सिंह पूर्व सैनिक थे और देश के लिए दो युद्ध लड़ चुके थे। उनके पिता के साथ उनकी घनिष्ठ मित्रता थी और विभिन्न सामाजिक विषयों पर अक्सर चर्चा होती रहती थी। गांव-देहात से निकलकर संसद तक पहुंचने के बावजूद उन्होंने कभी अहंकार नहीं किया और सादगीपूर्ण जीवन जिया। उनके निधन से गहरा दुख हुआ है।

भिवानी। पूर्व सांसद स्व. जंगबीर सिंह के निधन पर शोक संदेश दर्ज करते एवं परिजनों से मिलते पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु। फोटोः हरिभूमि

### कांग्रेस हमेशा आपदा में ढूंढती है अवसर

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि कांग्रेस हमेशा आपदा में अवसर ढूंढती है। उसकी न तो कोई स्पष्ट नीति है, न सिद्धांत और न ही मजबूत नेतृत्व। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में, जब पूरी दुनिया संकट से गुजर रही हो, विपक्ष को सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए, न कि बेवजह मुद्दे बनाकर राजनीति करनी चाहिए।उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने भी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का कठिन समय में समर्थन किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सेना की कार्रवाई पर भी सवाल उठाती है और सबूत मांगती है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भारत के पास मजबूत नेतृत्व है और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति में है।किसानों के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य हरियाणा के किसानों को लाभ पहुंचाना है।

### भाजपा कार्यकर्ता गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं

भाजपा कार्यालय के बाहर हुए विस्फोट के मामले में उन्होंने कहा कि यह भाजपा विरोधी ताकतों की करतूत हो सकती है, जो पार्टी के बढ़ते जनाधार से घबराई हुई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता इस तरह की गीदड़ भभकियों से डरने वाले नहीं हैं और भविष्य में और मजबूती के साथ आगे बढ़ेंगे।

### आप अब पंजाब की जनता को बरगला रही

आप पार्टी के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में कैप्टेन अभिमन्यु ने कहा कि वे मालिक है, मालिक कुछ भी कर सकता है। सभी का मालिक एक है। पहले दिल्ली के शीशमहल से निकल कर पंजाब में एक नया शीशमहल बनाकर तथा एक उड़न खटौला पंजाब की जनता की खून पसीने की गाढी कमाई के पैसे से देश का भ्रमण करते है। उसका सबका मालिक एक है। सरकार जनता को बरगला रही है।

## खबर संक्षेप

### जेल में बंद कैदी से नशीली गोलियां बरामद

**यमुनानगर।** जिला जेल में बंद कैदी अमनदीप से तलाशी के दौरान नशीली गोलियां बरामद हुई है। पुलिस ने जिला जेल के उप अधीक्षक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जिला जेल के उप अधीक्षक विवेक सांगवान ने शहर जगाधरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि दो अप्रैल को जेल में तैनात पुलिसकर्मी कैदियों की तलाशी ले रहे थे। तलाशी के दौरान जेल में बंद कैदी अमनदीप से नशीली गोलियां बरामद हुई। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। मामले की जांच के बाद आरोपी अमनदीप के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सेवानिवृत्त हैफेड कर्मी ट्रेन से कटकर की खुदकुशी

**सोनीपत।** गांव जगदीशपुर के पास शुक्रवार को करीब 67 वर्षीय सेवानिवृत्त हैफेड कर्मी ने बीमारी से तंग आकर नई दिल्ली से कुरुक्षेत्र जा रही पैसेंजर ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी ट्रेन के लोको पायलट ने स्टेशन मास्टर को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह भिजवाया। सतबीर सिंह हैफेड से सेवानिवृत्त थे, जो शुक्रवार सुबह बिना बताए घर से निकल गए और गांव जगदीशपुर के पास रेल लाइन पर पहुंच गए। वहां उन्होंने ट्रेन संख्या 64465 नई दिल्ली-कुरुक्षेत्र पैसेंजर ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली है।

### 8 व 9 को दमकल कर्मी करेंगे हड़ताल : राजेंदर

**चंडीगढ़।** फरीदाबाद अग्नि एवं विस्फोट कांड के शहीद भवी चंद शर्मा एवं रणवीर को शहीद का दर्जा देने, आश्रितों को एक-एक करोड़ रूपया आर्थिक सहायता राशि और नियमित नौकरी देने व अग्निशमन विभाग के नियमित एवं अनियमित दमकल कर्मचारियों के 22 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर फायर निदेशालय, सेक्टर-2 पंचकूला में फायर महानिदेशक के साथ हुई बैठक बेनतीजा रही। इसके बाद प्रदेशभर के दमकल कर्मचारियों ने 8 व 9 अप्रैल को पूर्व घोषित हड़ताल करने का ऐलान किया।

## ज्वलनशील पदार्थ प्लास्टिक, तार व अन्य उपकरणों होने से तेजी से फैली, दूर तक फैला धुएं का गुबार

# कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में आग की चपेट में आई चार फैक्ट्रियां

### पहले पंखे व जूसर मिक्सर बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग

- तीन जिलों के दमकल की 11 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंची देर शाम तक आग पर नहीं पाया जा सका काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार अलसुबह करीब सवा 4 बजे अचानक पंखे व जूसर मिक्सर बनाने वाली एक फैक्टरी में आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि साथ लगती फैक्ट्रियों में प्लास्टिक दाना व केमिकल होने के चलते चार फैक्टरियां आग की चपेट में आ गई। देखते-देखते आग विकराल रूप लेती रही। भीषण आग की सूचना मिलते ही 3 जिलों के दमकल विभाग की 22 से ज्यादा गाड़ियां आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची, लेकिन देर शाम तक आग पर पूर्ण रूप से नियंत्रण नहीं पाया जा सका। फिलहाल आग लगने का कारण शार्ट-सर्किट माना जा रहा है। फैक्ट्रियों के अंदर रखा ज्वलनशील पदार्थ प्लास्टिक, तार व अन्य उपकरणों में इस्तेमाल होने वाले केमिकल के कारण धुएं का गुबार दूर तक फैल गया। इससे आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया।



सोनीपत। कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री में लगी आग बुझाते दमकल कर्मी, बाहर लगी भीड़।

### गुरुग्रामः फैक्ट्री में आग, 5 श्रमिकों को किया गया रेस्क्यू

**गुरुग्राम।** उद्योग विहार फेज-1 में आज उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगने के कारण पांच श्रमिक अंदर ही फंस गए जिन्हें दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू किया। धुएं के कारण यह लोग अंदर फंस गए थे जिन्हें दमकल कर्मियों ने शीशा तोड़कर बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। दमकल अधिकारियों ने बताया कि घटना आज सुबह करीब सवा 11 बजे हुई। उद्योग विहार फेज-1 की एक प्लास्टिक बॉल (खाना बनाने के उपकरणों में प्रयोग होने वाली) बनाने वाली कंपनी में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। बताया जा रहा है कि इस फैक्ट्री में करीब 50 श्रमिक काम करते हैं जो समय रहते बाहर निकल गए थे, लेकिन यह पांच लोग अंदर ही फंसे रह गए।

### तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती हुई पास की इकाइयों को चपेट में ले लिया

कुंडली औद्योगिक क्षेत्र स्थित सेक्टर-56 स्थित प्लॉट नंबर 62 की एम्पीयर फेंस कंपनी में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। बताया जा रहा है कि इस फैक्टरी में पंखे व जूसर मिक्सर बनाने का काम किया जाता है। रात के समय फैक्टरी बंद थी, जहां एक चौकीदार पहरा दे रहा था। इस दौरान सुबह अचानक फैक्टरी से धुआं उठाने लगा, कुछ ही देर में आग ने पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया। तेज हवा के चलते आग तेजी से फैलती हुई पास की दो अन्य इकाइयों तक पहुंच गई। इसके बाद आग साथ लगती कूलर बनाने वाली एल्पर इंडस्ट्रीज तक जा पहुंची। इस फैक्टरी के बेसमेंट में रखे केमिकल व प्लास्टिक दाने के कारण आग और भड़क गई। इसके बाद आग साथ लगती चारों फैक्ट्रियों तक जा पहुंची।

### जुलाना में आग से तीन एकड़ गेहूं की फसल जली

**जुलाना।** देशखेड़ा गांव में अज्ञात कारणों से गेहूं की खड़ी फसल में अचानक आग लग गई। फायर ब्रिगेड को दी गई। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। देशखेड़ा गांव निवासी किसान रवि ने बताया कि वह अपने खेत के पास ही मौजूद थे, तभी आसपास काम कर रहे अन्य किसानों ने उन्हें सूचना दी कि उनके खेत में आग लग गई है। प्राथमिक रूप से आग लगने का कारण बिजली की चिंगारी बताया जा रहा है। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई।

### कोसलीः आग से एक एकड़ फसल जलकर राख

**कोसली।** रतनथल गांव में शुक्रवार शाम एक किसान के खेत में लगी आज से लगभग एक एकड़ जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया। इससे आसपास के खेतों में खड़ी फसल बच गई पुलिस ने आगजनी के कारणों की जांच शुरू कर दी। रतनथल निवासी गिरवर ने तीन एकड़ पर गेहूं की खेती की हुई है।



जींद। मौके पर मौजूद लिजेंडर गाड़ी व परिवहन समिति बस।

### जींद-सफीदों मार्ग पर हुआ हादसा

# बस से लिजेंडर भिड़ी आधा दर्जन यात्री घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

गांव बुढ़ाखेड़ा के निकट शुक्रवार दोपहर को परिवहन समिति की बस तथा गाड़ी के बीच हुई भिडंत में आधा दर्जन यात्री घायल हो गए। जिन्हें निजी अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। सदर थाना सफीदों पुलिस मामले जांच कर रही है। शुक्रवार दोपहर को परिवहन समिति की बस सफीदों से जींद की तरफ आ रही थी। गांव बुढ़ाखेडा के निकट जींद-सफीदों मार्ग पर सफीदों की तरफ जा रही लिजेंडर गाड़ी से भिड़ंत हो गई। जिसमें लिजेंडर गाड़ी में सवार मां व बेटा बाल-बाल बच गए। जबकि बस में सवार आधा दर्जन यात्रियों को चोटें आई। जिन्हें उपचार के लिए लोग अपने वाहनों से सफीदों तथा जींद के निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए। नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए गए शामली यूपी निवासी घायल आर्यन के भाई शुहब ने बताया कि वे बस में पीछे की सीटों पर बैठे थे। अचानक टक्कर होने के साथ उनके मुंह तथा सिर अगली सीटों से जा टकराए। जिसमें उसका भाई आर्यन घायल हो गया। इसके इलाव आधा दर्जन अन्य यात्रियों को भी चोटें आई। मौके पर गुजर रहे वाहन चालक घायलों को अपनी गाडियों में ले गए। जब एंबुलेंस पहुंची तो उसका भाई आर्यन अकेला बचा था।

### हरियाणा कांग्रेस मुख्यालय पर पुलिस बल तैनात करने की मांग

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ स्थित मुख्यालय पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। इस संबंध में पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर सुरक्षा का हवाला दिया है। प्रदेश कांग्रेस मीडिया एवं कार्यालय प्रभारी संजीव भारद्वाज ने शुक्रवार को हरियाणा पुलिस महानिदेशक को लिखा पत्र मीडिया में जारी करते हुए बताया कि चंडीगढ़ के सेक्टर 37 स्थित पंजाब भाजपा कार्यालय के बाहर बम धमाका हो चुका है। सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। चंडीगढ़ में हरियाणा व पंजाब के राजनीति दलों के मुख्यालय हैं। इनके बाहर अक्सर पुलिस की गश्त रहती है और पुलिस बल तैनात रहता है। दूसरी तरफ हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के सेक्टर नौ स्थित मुख्यालय की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है, यह सुरक्षा की दृष्टि से असुरक्षित है। संजीव भारद्वाज के अनुसार हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह अक्सर चंडीगढ़ के सेक्टर नौ स्थित मुख्यालय में रहते हैं। प्रदेश में भी उनकी सुरक्षा व्यवस्था पर्याप्त नहीं है। राव नरेंद्र द्वारा जिलों में कार्यक्रम के दौरान प्रोटोकॉल के अनुसार उन्हें चंडीगढ़ तथा हरियाणा में पुलिस की पायलट जिप्सी का कवर प्रदान किया जाए तथा एचपीसीसी मुख्यालय की सुरक्षा को मजबूत करते हुए यहां पुलिस बल तैनात किया जाए। इसके अलावा समय-समय पर पुलिस के बम निरोधक दस्ते, डॉग स्कवायड आदि की जांच को यकीनी बनाया जाए।

### रेवाड़ी एम्स के लिए एक स्वतंत्र कैनाल आधारित वाटर वर्क्स स्थापित किया जाएगा

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि रेवाड़ी जिले के माजरा मुस्तिल भालखी में स्थित एम्स के लिए एक स्वतंत्र (इंडिपेंडेंट) कैनाल आधारित वाटर वर्क्स स्थापित किया जाएगा, जिसके लिए मुख्यमंत्री से मंजूरी मिल चुकी है। इस परियोजना पर लगभग 26.83 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे सैद्धांतिक स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि एम्स के लिए बनने वाले इस वाटर वर्क्स से संबंधित जल आपूर्ति का पूरा खर्च हरियाणा सरकार स्वयं वहन करेगी, जिससे संस्थान को किसी प्रकार की वित्तीय या आपूर्ति संबंधी बाधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने जानकारी दी कि इस वाटर वर्क्स के माध्यम से प्रतिदिन लगभग 1500 किलोलीटर पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। यह व्यवस्था अस्पताल के संचालन, स्वच्छता और मरीजों की देखभाल के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगी। आरती सिंह राव ने आगे कहा कि यह परियोजना एम्स रेवाड़ी को स्वतंत्र और स्थायी जल आपूर्ति उपलब्ध कराएगी, जिससे संस्थान की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी और क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का बुनियादी ढांचा और अधिक मजबूत होगा।



### श्रम विभाग का पोर्टल फिर खुलेगा री-एक्टीवेट होगी श्रमिकों आईडीः विज

**चण्डीगढ़ ।** हरियाणा के श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनके द्वारा हरियाणा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड में वर्कस्लिप (90 दिन कार्य रसीद) से जुड़ी अनियमितताओं कि जांच के लिए गठित की गई 22 जिलों की कमिटियों से रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है जिसमें लगभग 90 प्रतिशत वर्क स्लिप फर्जी पाई गई है। लेकिन 10 प्रतिशत वैध पाई गई वर्क स्लिप के श्रमिकों को बोर्ड द्वारा दिए जाने वाले लाभों के लिए जल्द ऐसे श्रमिकों की आईडी एक्टिवेट/पोर्टल खोला जाएगा। इसके अलावा, अवैध पाई गई वर्क स्लिप/श्रमिकों को सुनवाई का मौका दिया जाएगा, उसके लिए ऐसे श्रमिकों को अपना प्रतिवेदन बनाई जाने वाली समिति या ऑथोरिटी को देना होगा। इस संबंध में श्रम मंत्री अनिल विज द्वारा एक प्रस्ताव मुख्यमंत्री को भेजा गया था जिसे स्वीकृति दे दी है और अब श्रम मंत्री अनिल विज ने इस प्रस्ताव को सरकार द्वारा गठित की गई उच्च स्तरीय समिति को अनुशंसा हेतु भेजा गया है। विज ने इस संबंध जानकारी देते हुए बताया कि सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति की स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही इस प्रस्ताव में दी गई सिफारिशों को लागू किया जाएगा।



### पति को नशीली गोलियां देकर प्रेमी के साथ फरार हुई तीन बच्चों की मां

**यमुनानगर।** शहर के चुन्ना भट्टी के नजदीक तीन बच्चों की मां अपने पति को दूध में नशीली गोलियां देकर कुंवारे प्रेमी के साथ फरार हो गई। जांच के दौरान घर से गहने व पैसे गायब मिले। बताया जा रहा है कि महिला का प्रेमी घर के पास ही सब्जी व फुरट की दुकान चलाता था। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर दोनों की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार शहर के चुन्ना भट्टी के नजदीक रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उसके पास तीन बच्चे हैं। 28 मार्च की रात को 10 बजे उसकी पत्नी ने उसे दूध पीने के लिए दिया। उसने बताया कि दूध बहुत कड़वा था। जब उसने अपनी पत्नी को बोला कि दूध कड़वा है। मगर उसकी पत्नी ने उसे नजरअंदाज कर दिया। उसने उस दूध को थोड़ा बचा कर अपने लड़के को भी पीने के लिए दिया। मगर लड़के ने भी थोड़ा दूध पीकर उसे कड़वा होने की बात कहकर पीने से मना कर दिया। इसके बाद उसकी पत्नी ने गिलास से दूध गिराकर उसमे पानी भरकर रख दिया। अगले दिन वह सुबह आठ बजे उठा। वह नशे की हालत में था। उसने उठते उसकी पत्नी उनके घर के पास ही सब्जी व फुरट की दुकान चलने वाला युवक अपने साथ ले गया है।

- घर से गहने व पैसे गायब, रसोई से बरामद हुई नशीली गोलियां

## हरियाणा की जेलों में बदलाव की बयार

# जेलों में खुफिया तंत्र होगा मजबूत, पुलिस की तर्ज पर एसपीओ की होगी तैनाती

### कुछ अहम कदम उठाने जा रहे : होम विभाग

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा की जेलों में सुरक्षा और सूचना का तंत्र मजबूत करने की कवायद शुरु हो गई है। जल्द ही सूबे की जेलों में पुलिस की तर्ज पर एसपीओ रखने की तैयारी है, ताकि बड़ी छोटी कोई भी सूचना चंद देरी के अंदर आला अफसरों के पास में पहुंच सकें। कैदियों की गतिविधियों पर नजर रखने और अंदरूनी सूचनाएं जुटाने, सुरक्षा का दायरा बढ़ाने को लेकर नई व्यवस्था करने का प्रस्ताव तैयार है। इस बारे में हरियाणा राज्य गृह विभाग की ओर से एक प्रस्ताव तैयार किया है, जिसको लेकर होमवर्क किया जा चुका है। भरोसेमंद उच्चपदस्थ सूत्रों का कहना है कि काफी लंबे अर्से से इस दिशा में होमवर्क हो चुका है। अभी तक जेल प्रशासन के पास में बारीक से बारीक सूचना मिलने के लिए ठोस तंत्र नहीं है, जिसको लेकर समाज के लोगों को साथ में जोड़ने की तैयारी है। इस क्रम में हरियाणा की जेलों में सुरक्षा खुफिया व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सरकार पुलिस की तर्ज पर स्पेशल पुलिस ऑफिसर (एसपीओ) रखने की तैयारी में हैं। यह पहला प्रयोग जेल विभाग और अधिकारियों के लिए नई कड़ी साबित होगी जो अंदर और बाहर दोनों स्तर पर सूचनाएं जुटाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### सुरक्षा और खुफिया तंत्र का हिस्सा बनाया जाएगा

जेलों में नियुक्त किए जाने वाले एसपीओ का काम केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उन्हें खुफिया तंत्र का हिस्सा बनाया जाएगा। उनके प्रमुख कार्य पर नजर डालें तो जेल के भीतर कैदियों की गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही गैंगवार, नशा अवैध गतिविधियों की जानकारी जुटाने की मुहिम चलाई जाएगी। जेल प्रशासन को यह सारे लोग समय-समय पर इनपुट देंगे, बाहरी नेटवर्क से जुड़े कैदियों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा आए दिन संदिग्ध मुलाकातों और संचार पर नजर रखने का काम भी होगा। आपराधिक पृष्ठभूमि समझने के साथ ही तमाम सूचनाएं चंद मिनटों में जेल प्रशासन और प्रदेश स्तर तक दिया जाएगा। एसपीओ में शामिल होने वाले युवा जनता के बीच से होंगे। योजना के तहत एसपीओ की भर्ती स्थानीय युवाओं से की जाएगी।

### विशेषज्ञ बोले-आईटी के दक्ष्य युवाओं को मिले मौका

सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि अगर एसपीओ को सही ट्रेनिंग और निगरानी के साथ लगाया गया, तो यह कदम जेलों में अपराध नियंत्रण और खुफिया तंत्र को मजबूत करने में कारगर साबित होगा लेकिन साफ सुथरी छवि वाले युवाओं, आईटी फ्रेंडली को मौका मिलना चाहिए नई पहल हरियाणा की जेल व्यवस्था में बड़ा बदलाव ला सकती है, खासकर अपराधियों के नेटवर्क को तोड़ने और अंदरूनी हालात पर नजर रखने के लिए। कुछ महीनों में भर्ती का नोटिफिकेशन जारी हो सकता है और जिला स्तर पर चयन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

### पंजाब, जम्मू-कश्मीर जैसे राज्यों के मॉडल से प्रेरणा

कई राज्यों में एसपीओ का प्रयोग बेहद ही कारगर साबित रहा है। जिसका अध्ययन भी आला अफसरों द्वारा कराया गया है। पहल लागू होने के बाद हरियाणा की जेलों में सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# यूएस में हार्ट अटैक से युवक की मौत 3 साल बाद पार्थिव शरीर गांव पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



सुनील उर्फ मोना

जिले के गांव करोड़ा के युवक सुनील उर्फ मोना की अमेरिका में हार्ट अटैक से मौत के बाद उसका पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, जहां परिजनों ने अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार में गांव के लोगों के साथ-साथ सामाजिक संस्थाओं व संगठनों के लोग भी शामिल हुए और नम आंखों से विदाई दी। अमेरिका के फ्रेस्नो शहर में युवक की मौत के बाद समाजसेवी जसबीर लोहान मौके पर पहुंचे और पार्थिव शरीर को भारत भेजने की प्रक्रिया पूरी करवाई। उन्होंने बताया कि परिवार को जल्द से जल्द अंतिम दर्शन हो सकें, इसके लिए हर संभव प्रयास किए गए। सुनील कैलिफोर्निया में रह रहा था। घटना से पहले उसने अपनी मां से फोन पर बात की थी और बताया था कि वह सोने जा रहा है। परिजनों के अनुसार सुनील मई 2023 में डंकी रूट से अमेरिका गया था। उसे विदेश भेजने में परिवार ने करीब 40 लाख रुपये खर्च किए थे, जिसके लिए कर्ज भी लेना पड़ा। वहां वह गाड़ी चलाकर परिवार की स्थिति सुधारने की कोशिश कर रहा था।



कैथल। सुनील का अंतिम संस्कार करते ग्रामीण। फोटोः हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

## गुड फ्राइडे पर शुक्रवार को बाजार रहें बंद

**मुंबई।** 'गुड फ्राइडे' के उपलक्ष्य में भारतीय शेयर, विदेशी मुद्रा और जिंस बाजार शुक्रवार को बंद रहे। बाजार में कोई कारोबारी गतिविधियां नहीं हुई। रोज की तरह शनिवार को बाजार में होगा कामकाज।

## बजाज ऑटो की बिक्री 20% बढ़कर 4,45,377 इकाई

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो लिमिटेड की मार्च में कुल बिक्री 20 प्रतिशत बढ़कर 4,45,377 इकाई हो गई। मार्च 2025 में यह 3,69,823 इकाई थी। वाहन विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि मार्च में घरेलू बाजार में कुल बिक्री 2,66,290 इकाई रही, जो एक साल पहले की समान अवधि में 2,21,474 इकाई थी।

## अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने 178,000 नौकरियां जोड़ीं

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने आश्चर्यजनक रूप से 1.78 लाख नई नौकरियां जोड़ीं, जिससे फरवरी की कमजोर स्थिति से उबरने में मदद मिली और बेरोजगारी दर घटकर 4.3 प्रतिशत रह गई। श्रम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि नियुक्तियों में यह उछाल फरवरी में 1.33 लाख नौकरियों के नुकसान के बाद वापसी का संकेत है। नौकरियों में हुई यह वृद्धि अर्थशास्त्रियों के अनुमान से लगभग तीन गुना अधिक रही।बेरोजगारी दर फरवरी की 4.4 प्रतिशत से घटकर मार्च में 4.3 प्रतिशत हो गई।

## गॉडियम आईवीएफ की एआई के इस्तेमाल की पेशकश

**नई दिल्ली।** बांझपन के इलाज से जुड़ी कंपनी गॉडियम आईवीएफ एंड वूमन हेल्थ लिमिटेड ने देश में कृत्रिम मेधा (एआई) की मदद से बांझपन के उपचार की पेशकश की है। कंपनी ने बयान में यह जानकारी दी है। बयान के मुताबिक, इस उपचार के तहत उन्नत भ्रूण-विज्ञान प्रौद्योगिकी को नियमित इलाज के तरीकों में शामिल किया गया है।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# आरबीएल का बिक गया 74 फीसदी हिस्सा, आरबीआई ने दी मंजूरी

## दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक ने खरीदी हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ अब आरबीएल विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने दुबई स्थित एमिरेट्स एनबीडी बैंक को आरबीएल बैंक में 74 प्रतिशत तक हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी दे दी है। इससे यह बैंक, विदेशी बैंक बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा। आरबीएल बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि आरबीआई ने यह मंजूरी एक अप्रैल को दी, जिसकी वैधता एक वर्ष तक रहेगी। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दूसरे सबसे बड़े बैंक एमिरेट्स एनबीडी ने अक्टूबर 2025 में आरबीएल बैंक में 60 प्रतिशत हिस्सेदारी करीब 26,853 करोड़ रुपये में खरीदने का प्रस्ताव पेश किया था जिसके बाद यह मंजूरी दी गई।

### बैंक का कुल मतदान अधिकार 26 फीसदी तक सीमित रहेगा

*बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 12(2) के तहत ईएनबीडी के मताधिकार को आरबीएल बैंक के कुल मतदान अधिकारों के 26 प्रतिशत तक सीमित रखा जाएगा। एनबीडी को 'सिंगल मोड ऑफ प्रेजेंस' की शर्त से अस्थायी छूट दी गई है जब तक कि भारत में उसकी शाखाओं का आरबीएल बैंक के साथ विलय नहीं हो जाता या अधिकतम एक वर्ष की अवधि पूरी नहीं हो जाती।*




### विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान होंगे लागू

आरबीआई ने कहा कि ऐसे बैंक पर पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी मॉडल के तहत संचालित विदेशी बैंकों के लिए नियत प्रावधान लागू होंगे। हालांकि निदेशक मंडल बैठकों में उपस्थित निदेशकों में कम से कम आधे स्वतंत्र निदेशक होने की शर्त इस पर लागू नहीं होगी।

*आरबीआई ने नहीं जताई आपत्ति : बैंक को अपने 'आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन' में आवश्यक संशोधन कर आरबीआई से मंजूरी लेने को कहा गया है और बैंक इस दिशा में आवश्यक कदम उठाएगा। आरबीआई ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के नियमों के अधीन ईएनबीडी को आरबीएल बैंक का प्रवर्तक वर्गीकृत करने पर भी कोई आपत्ति नहीं जताई है।*

## केंद्र का फैसला: पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर कस्टम ड्यूटी पूरी तरह माफ

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव और वैश्विक सप्लाई चेन में आई बाधाओं के बीच केंद्र सरकार ने महत्वपूर्ण पेट्रोकेमिकल उत्पादों पर 30 जून 2026 तक पूरी कस्टम ड्यूटी छूट देने का फैसला किया है। मंत्रालय ने बयान में कहा कि यह कदम अस्थायी और लक्षित राहत के तौर पर उठाया गया है, ताकि देश में जरूरी पेट्रोकेमिकल कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे, डाउनस्ट्रीम उद्योगों पर लागत का दबाव कम हो और सप्लाई स्थिर रह सके। सरकार के अनुसार इस फैसले से प्लास्टिक, पैकेजिंग, टेक्सटाइल, फार्मास्युटिकल, केमिकल, ऑटो कंपोनेंट्स और अन्य मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर्स को लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिल सकती है। छूट वाले प्रमुख पेट्रोकेमिकल उत्पादों में एनहाइड्रस अमोनिया, टोल्यून, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमीथेन, विनाइल क्लोराइड मोनोमर, मेथनॉल, आइसोप्रोपिल अल्कोहल, मोनोएथिलीन ग्लाइकोल (एमईजी) और फिनोल शामिल हैं।

## मिडिल ईस्ट संकट से वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ गई अस्थिरता

# रूस ने भारत को कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रूस ने पश्चिम एशिया संकट के कारण वैश्विक ऊर्जा बाजार में बढ़ती अस्थिरता के बीच भारत को कच्चे तेल एवं प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बढ़ाने की पेशकश की है। इसके अलावा दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने पर भी सहमति जताई है।

घटनाक्रम से परिचित सूत्रों ने कहा कि रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव ने बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ बैठकों में ऊर्जा सहयोग पर विशेष रूप से चर्चा की। मंतुरोव ने इसके बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। बृहस्पतिवार शाम वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी मिले।




- दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जताई सहमति
- रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस ने की डोभाल व जयशंकर से चर्चा
- डेनिस, प्रधानमंत्री मोदी व वित्त मंत्री सीतारमण से भी मिले

### रूस उर्वरकों में भारत की जरूरत पूरी करने तैयार

इस बैठक की सह-अध्यक्षता मंतुरोव और जयशंकर ने की। रूस के बयान के अनुसार, परस्पर लाभकारी व्यापार, निवेश एवं औद्योगिक सहयोग का विस्तार बैठक के प्रमुख एजेंडा में शामिल था। मंतुरोव ने कहा कि 2025 के अंत तक रूस ने भारत को उर्वरकों की आपूर्ति में 40 प्रतिशत वृद्धि की है और वह आगे भी भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार है। रूस की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, नयी दिल्ली में हुई इन बैठकों में तेल एवं गैस क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग पर विशेष ध्यान दिया गया। बयान में कहा गया, ''डेनिस मंतुरोव ने पुष्टि की कि रूसी कंपनियों के पास भारतीय बाजार को तेल एवं तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति लगातार बढ़ाने की क्षमता है।''

### एलपीजी आपूर्ति स्थिर : इंडियन ऑयल

*देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद भारत में तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) की आपूर्ति स्थिर एवं पर्याप्त है और घरेलू उपलब्धता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है। कंपनी बयान के अनुसार, वह प्रतिदिन करीब 28 लाख एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति कर रही है जो मौजूदा तनाव से पहले के सामान्य स्तर के अनुरूप है।*

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।**

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि परिवहन शाखा पुलिस लाईन सोनीपत के स्टोर में वाहनों का कन्डंम सामान की जैसे काला तेल लगभग (75 लीटर), पुराने टायर, (लगभग 240), ट्यूब व स्क्रैप (लगभग 135KG) आदि की दिनांक 06.04.2026 को नीलामी की जानी हैं। अतः जो भी व्यक्ति नीलामी में हिस्सा लेना चाहता हैं, वह परिवहन शाखा पुलिस लाईन सोनीपत मे दिनांक 06.04.2026 को नीलामी में भाग ले सकता हैं।

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी
कृते पुलिस उपायुक्त
मुख्यालय, सोनीपत

पीआरडीएच 1084/11/4651/2027/44401/88/6 दि. 03.04.2026

**दिल्ली विश्वविद्यालय**
**UNIVERSITY OF DELHI**

विज्ञा. सं. आर एंड पी/315/2026 दिनांक : 12.03.2026

हिन्दू अध्ययन हेतु केन्द्र, दिल्ली विश्वविद्यालय में 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग पे मैट्रिक्स के शैक्षणिक पे लेवल-13ए में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति हेतु पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र में ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन प्राप्ति हेतु अन्तिम तिथि एम्प्लॉयमेंट न्यूज में विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से दो सप्ताह है। विवरण हेतु, कृपया विश्वविद्यालय वेबसाइट www.du.ac.in पर पधारें और शीर्षक "Work with DU" के तहत "Jobs and Opportunities" पर क्लिक करें।

कोई परिशिष्ट / शुद्धिपत्र केवल विश्वविद्यालय वेबसाइट पर डाला जाएगा।

सीबीसी-21231/12/0007/2526 रजिस्ट्रार

## सोना, चांदी की कीमतें रहीं अपरिवर्तित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम रहने से चांदी और सोने की कीमतें स्थिर रहीं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी।चांदी की कीमत 2,37,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों समेत) पर अपरिवर्तित रही। इसी तरह 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 1,51,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों समेत) पर स्थिर बनी रही।

सर्राफा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू कीमतें एक सीमित दायरे में ही रहीं, क्योंकि वैश्विक बाजारों से कोई नया संकेत नहीं मिला।

**वैश्विक बाजार गुड फ्राइडे पर रहे बंद**

वैश्विक बाजार 'गुड फ्राइडे' के अवसर पर बंद थे। उन्होंने कहा कि स्थानीय जौहरियों और खुदरा विक्रेताओं की ओर से मांग कम होने के कारण भी कीमतें स्थिर रहीं। बाजार के प्रतिभागी अब सर्राफा की कीमतों में आगे की दिशा जानने के लिए विदेशी बाजारों के फिर से खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

**MUNICIPAL COUNCIL, BHIWANI**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारत सरकार के प्रावधानो एवं लागू अधिनियमों के अनुसार सीवर एवं सैप्टिक टैंक की मैनुअल (हाथ) से सफाई पूर्णतः प्रतिबंधित है।

किसी भी व्यक्ति, संस्था या ठेकेदार द्वारा सीवर अथवा सैप्टिक टैंक की मैनुअल सफाई करवाना / करना कानूनन अपराध है। यह कार्य केवल मशीनों एवं निर्धारित सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से ही किया जाएगा।

उल्लंघन की स्थिति में संबंधित व्यक्ति / संस्था के विरूद्ध नियमानुसार सख्त प्रशासनिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अतः सभी नागरिकों, संस्थाओं, एवं ठेकेदार से अपील की जाती है कि वे इस निर्देश का कड़ाई से पालन करे तथा सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करे।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी
नगरपरिषद भिवानी।

**मोतीलाल नेहरू खेल विद्यालय, राई-131029**
**जिला सोनीपत (हरियाणा)**

**प्रवेश सूचना**
**सत्र 2026-27**

**कक्षा 6वीं, 8वीं, 9वीं और 11वीं में उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी (ओएसपी) प्रवेश**
**नेटबॉल, हैंडबॉल, ताइक्वांडो, कबड्डी, योग और जूडो**

उत्कृष्ट खिलाड़ी श्रेणी के अंतर्गत प्रवेश प्रक्रिया को पुनः खोला जा रहा है। यह प्रक्रिया 05.04.2026 से प्रारम्भ होकर 18.04.2026 तक चलेगी। अधिक विवरण और जानकारी के लिए, ऑनलाइन आवेदन करने हेतु कृपया विद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www.mnssrai.com पर पधारें। आवेदन प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18.04.2026 है।

हस्ता/- प्राचार्य एवं निदेशक
एम.एन.एस.एस., राई

संवाद-1262/11/71/2027/44418/सी/88/6 दि. 03.04.26

## देश भर में घरेलू एलपीजी बिक्री सामान्य

**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करने वाले मौजूदा भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के बावजूद, भारत में एलपीजी की आपूर्ति स्थिर, पर्याप्त और कड़ी निगरानी में बनी हुई है। घरेलू एलपीजी को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। इंडियनऑयल ने घरों में एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति बनाए रखी है और वर्तमान में प्रतिदिन लगभग 28 लाख एलपीजी सिलेंडर वितरित कर रहा है, जो मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों के शुरू होने से पहले के सामान्य वितरण स्तरों के अनुरूप है। ग्राहकों को एलपीजी रिफिल बुक करने के लिए एसएमएस और आईवीआरएस जैसे डिजिटल माध्यमों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। वर्तमान में, लगभग 87% बुकिंग डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्राप्त होती हैं। सिलेंडरों की डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए डिलीवरी प्रमाणीकरण कोड (डीएसी ओटीपी) के साथ डिलीवरी की जा रही है ताकि सिलेंडर इच्छित ग्राहकों तक पहुंचें। कॉर्पोरेशन अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा की गई चिंताओं को सक्रिय रूप से सुन रहा है और उन्हें शीघ्रता से संबोधित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इंडेन के ग्राहकों से अनुरोध है कि वे त्वरित सहायता के लिए **indanecareho@indianoil.in** पर संपर्क करें। सोशल मीडिया और ग्राहकों की शिकायतों के माध्यम से कुछ एलपीजी वितरकों द्वारा की जा रही अनियमितताओं की रिपोर्ट सामने आई हैं। कालाबाजारी और जमाखोरी पर अंकुश लगाने के लिए, एलपीजी वितरकों के अचानक निरीक्षण करने हेतु कई अंतर-कार्यात्मक टीमें तैनात की गई हैं।

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद फतेहाबाद | वार्ड नं. 1, एम.सी. फतेहाबाद में डॉ. महेन्द्र के मकान से रवि नरूला तक, लाभा कम्बोज से जीत बिजलीवाला से बाबू हाउस से हनुमान मंदिर, हरजीत सरपंच से संता, माखन चाय वाला से बलबीर कंडक्टर तक और सामुदायिक केन्द्र से मुशलमान तक सीसी गली का निर्माण + 8 कार्य। | 01.04.2026 20.04.2026 | ईएमडी रु. 6,62,600/- | https://works.haryana.gov.in/ | 9466731355 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2027/60/44392/I/88/6 दि. 03.04.26

## जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफ्रॉमेशन टेक्नोलोजी का एसआईएएम छात्र अध्याय विश्व में प्रथम स्थान पर

**सोलन।** गौरव के एक ऐतिहासिक क्षण में जेपी यूनिवर्सिटी ऑफ इंफ्रॉमेशन टेक्नोलोजी के एसआईएएम छात्र अध्याय ने सोसायटी फॉर इंडस्ट्रीयल एंड एपलाइड मैथेमैटिक्स द्वारा आयोजित वैश्विक सदस्यता अभियान प्रतियोगिता में 200 से अधिक छात्र अध्यायों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता वर्ष 2025 के अंत में आयोजित की गई थी, जिसमें निर्धारित अवधि के दौरान सर्वाधिक नए सदस्यों को जोड़ने वाले अध्याय को सम्मानित किया गया। जेयूआईटी एसआईएएम टीम ने रणनीतिक योजना, समर्पण और सक्रिय संवाद के माध्यम से वैश्विक स्तर पर सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। यह उपलब्धि प्रो. (डॉ.) विवेक सहगल के मार्गदर्शन और सहयोग में संभव हुई, जिनके नेतृत्व और प्रोत्साहन ने अध्याय की निरंतर प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उपलब्धि केवल सदस्य संख्या तक सीमित नहीं है। पिछले वर्ष के दौरान अध्याय ने विश्वविद्यालय परिसर में शैक्षणिक और शोध उन्मुख वातावरण को सशक्त बनाने हेतु अनेक प्रभावशाली कार्यक्रम आयोजित किए, जिनमें शामिल हैं, अनुप्रयुक्त गणित और संगणनात्मक उपकरणों पर कार्यशालाएं, विशेषज्ञों एवं शोधकर्ताओं के व्याख्यान, कोडिंग एवं समस्या समाधान सत्र, गणितीय अनुसंधान के अवसरों पर जागरूकता कार्यक्रम, अंतर्विषयी नवाचार को प्रोत्साहित करने वाले सहयोगात्मक आयोजन आदि।

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट कार्यालय, दक्षिण पूर्वी दिल्ली,**
**ओल्ड गार्गी कॉलेज बिल्डिंग, लाजपत नगर – 4, नई दिल्ली-110024**
**निर्वाचन अधिकारी का कार्यालय**
**भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित् (ट्राइफेड)**

फा. सं. "TRIFED" Cooperative Election/169/2026-27/203

**चुनाव सूचना**

सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के सहकारिता चुनाव प्राधिकरण द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी के तौर पर मुझे मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए, जो MSCS नियम 2002 (जिन्हें MSCS नियम 2023 के साथ संशोधित किया गया है) के नियम 19 F (a) और नियम 19 H (3) के तहत दी गई हैं, जिन्हें आदेश संख्या CEA-12011/298/2025 दिनांक 3 मार्च, 2026 के ज़रिए, मैं MSCS नियम 2002 (जिन्हें MSCS नियम 2023 के साथ संशोधित किया गया है) के नियम 19 H (4) और नियम 19 I (3) के तहत यह सूचना देता हूँ कि "भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित् (ट्राइफेड)" के बोर्ड सदस्यों (10 सदस्य) और पदाधिकारियों (2 पदाधिकारी) (अध्यक्ष-1 और उपाध्यक्ष-1) के लिए चुनाव, बहु-राज्य सहकारी समितियां अधिनियम, 2002 (जैसा कि 2023 में संशोधित किया गया है), उसके तहत बनाए गए नियमों और ट्राइफेड के लागू उप-नियमों में दिए गए प्रावधानों के अनुसार आयोजित किया जाएगा। चुनाव का विस्तृत कार्यक्रम ट्राइफेड की आधिकारिक वेबसाइट, trifed.tribal.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

(हस्ता.)
डॉ. श्रवण बागरिया, भा.प्र.से.
ज़िला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर
दक्षिण-पूर्वी ज़िला, दिल्ली
निर्वाचन अधिकारी
भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित् (ट्राइफेड)
चुनाव संख्या. 169/2026-27

CBC 43104/12/0001/2627

**MUNICIPAL COUNCIL, BHIWANI**

**सार्वजनिक सूचना**

**विषयः ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एम.एस.डब्लयू.एम.) नियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार अपने जिले के कचरे के प्रबंधन हेतु सभी बल्क उत्पादक।**

भारत सरकार द्वारा 08.04.2016 को अधिसूचित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के प्रावधानों तथा जारी की गई दिशा-निर्देश (नवंबर 2017) के अनुसार सभी बल्क वेस्ट जनरेटर (एम एस.डब्ल्यू.एम.) हेतु अनिवार्य है कि अपने म्यूनिसिपल वेस्ट निपटान हेतु बेहतर प्रबंधन कार्यो को सुनिश्चित करे।

1. इन एम.एस.डब्ल्यू.एम. नियमों अनुसार अधिसूचित परिसरों / संगठनों/संस्थानों में कुल मात्रा में 25 किलोग्राम से अधिक वेस्ट प्रतिदिन पैदा करने वाले बल्क वेस्ट जनरेटर बी डब्ल्यू.जी. सूची के प्रावधान की तिथि से 10 दिन तक एम.एस डब्लयू एम नियम 2016 के प्रावधानों के कार्यान्वयन करने की आवश्यकता है जिसमें निम्नलिखित कार्य किए जाने शामिल हो।
   (i) 3 (तीन) वर्ग / स्ट्रीम (बायोडिग्रेडेबल), नॉन-बायोडिग्रेडेबल एव घरेलू खतरनाक वेस्ट सहित) के लिए परिसरों के भीतर स्टोरेज का प्रबंध।
   (ii) डोर-टू-डोर कलेक्शन एवं पृथक्करण हेतु ड्राईवर (घरेलू खतरनाक वेस्ट सहित) के लिए पृथक स्टोरेज का प्रबंध।
   (iii) परिसरों में बायोडिग्रेडेबल (अथवा गीला) वेस्ट की प्रोसेसिंग की व्यवस्था।
2. बल्क वेस्ट जनरेटर द्वारा उत्पन बायोडिग्रेडेबल (अथवा गीला) वेस्ट को स्थल पर कम्पोस्ट बनाने का प्रबंध अथवा नजदीकी जोन / ब्लॉक जनरेटर की ओर से ट्रीट करेगें, तथा कम्पोस्टिंग प्लांट की आवश्यकता होगी।
   वर्तमान अनुसार सभी आर. डब्लयू.ए. मार्केट एसोसिएशन, मैरिज पैलेस, होटल्स एवं रेस्टोरेंट्स आदि का बल्क वेस्ट जनरेटर के तौर पर पंजीकरण किया जाएगा। यदि उक्त सूचना अवधि के भीतर अपने परिसर में जनित वेस्ट का 25 प्रतिशत से कम उपरोक्त तरीके से निपटान करते है तो उन्हें नगर परिषद भिवानी में जमा नही किया जाएगा। ऐसी स्थिति में संचालन अस्थायी रूप से बंद किया जा सकता है तथा जुर्माना (रूपये 25000/- तक) लगाया जाएगा, यदि उल्लंघन पाया जाता है।
3. ब्लॉक / कम्पाउंड / सोसायटी / कॉमर्शियल क्षेत्र के बल्क वेस्ट जनरेटर को इस नियम के तहत सहयोग करना अनिवार्य होगा। सभी बल्क वेस्ट जनरेटर को अपने गीले तथा सूखे वेस्ट का पृथककरण करना होगा। ऐसा न करने की स्थिति में उपरोक्त बिंदु अनुसार BWG Rule 2016 के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
4. इस सूचना का प्रभाव तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी
नगरपरिषद भिवानी।

## राशिफल

**मेष:** आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिलेंगी, जिन्हें मेहनत से सफलतापूर्वक निभाएंगे।

**वृष:** आज स्थिरता और व्यावहारिक सोच का दिन है। करियर में प्रगति के अवसर आएंगे। परिवार के साथ समय बिताने से शांति मिलेगी। पाचन का ध्यान रखें।

**मिथुन:** आज संचार और बुद्धिमत्ता से सफलता मिलेगी। नौकरी या व्यापार में अच्छे प्रस्ताव आएंगे। छोटी यात्रा लाभदायक साबित होगी।

**कर्क:** भावनाओं पर नियंत्रण रखें। घरेलू मामलों में सुधार होगा, परिवार का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा, लेकिन तनाव न लें।

**सिंह:** नेतृत्व क्षमता दिखाने का उत्तम दिन। कार्यक्षेत्र में तरक्की और नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक लाभ के संकेत हैं।

**कन्या:** मेहनत और जिम्मेदारियों से भरा दिन। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे, सराहना मिलेगी। आर्थिक निर्णय सोच-समझकर लें।

**तुला:** संतुलन और सौंदर्य का प्रभाव रहेगा। करियर में नए अवसर प्राप्त होंगे। आर्थिक स्थिति सुधरेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, नियमित व्यायाम शामिल करें।

**वृश्चिक:** गहन सोच और रहस्यमयी गतिविधियों का दिन। कार्य में गुप्त सहयोग से लाभ हो सकता है। आर्थिक मामलों में सावधानी बरतें। स्वास्थ्य में लापरवाही न करें।


**धनु:** भाग्यशाली दिन साबित होगा। यात्रा या नई योजनाएं सफल होंगी। करियर में उन्नति के योग हैं। आर्थिक सुधार होगा। प्रेम जीवन सुखमय रहेगा।

**मकर:** कार्यक्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य सामान्य, नियमित दिनचर्या बनाए रखें।

**कुंभ:** नए विचार और रचनात्मकता से लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में सम्मान बढ़ेगा। आर्थिक लाभ संभव, निवेश सोचकर करें। प्रेम में रोमांच रहेगा।

**मीन:** अंतर्मुखी और भावनात्मक दिन रहेगा। आध्यात्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। करियर में सुधार के संकेत हैं। मानसिक संतुलन बनाए रखें।

## शब्द पहेली - 6185



**बाएँ से दाए**


1. मूर्ख, बुद्धिहीन-4
3. रुई की फसल-3
5. वंश, खानदान-2
6. आह, पीड़ा भरी ध्वनि-3
7. जी, इच्छा, चित्त-2
9. पहनना-3
11. दास, नौकर, सेवक-5
14. अग्नि, आग-3
16. चयनित, स्वीकृत-4
17. जाति, संप्रदाय-2
18. उस समय-2
19. आदत, व्यवहार-4
23. माला का मोती-3
24. लालन-पालन-5
27. पूर्णिमा-3
28. वश, अधीन-2
30. खबर देने वाला-3
31. खदान, माइन-2
32. आश्रय, पनाह-3
33. संपत्ति-4

**ऊपर से नीचे**

1. घोड़े के पांव में लगने वाला लोहे का टुकड़ा-2
2. धारा के बीच में, अधर में-2,2
3. आफत, आपदा-3
4. एक समान-2
5. गृहपति, चांसलर-4
6. दाना-2
8. प्रतिकृति, प्रतिरूप-3
10. रोकर धनराशि-3
12. प्रेम, आसक्ति-3
13. नीर, जल-2
15. भाग्य, तकदीर-3
17. जंबुल, जांब-3
18. टेंशन, परेशानी-3
20. काया, बदन-2
21. उष्णता-3
22. नाश होने योग्य-4
23. साम्राज्ञी, रानी-3
25. रमण करने योग्य-4
26. अदा, चोंचला-3
27. पूड़ी, गोलगप्पा-2
29. पिता की बहन-2
31. उर्वरक, गाय के गोबर से बना पदार्थ जो खेत में डाला जाता है-2

**शब्द पहेली- 6184 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | श | म | शा | न | | म | ति | मं | द | |
| क | | | य | | वी | | रं | | | शौ |
| र | | प | र | व | र | दि | गा | र | | ता |
| ता | ड़ | ना | | | वा | | | ज | वा | न |
| र | | ह | | प | र | दा | | त | री | |
| | नी | | गै | र | | म | जा | | स | |
| | र | वि | | म | न | न | | स | | आ |
| ग | ज | रा | | | फा | | | ह | की | म |
| र | | म | ह | सू | स | क | र | ना | | द |
| म | | | रा | | त | | खै | | | नी |
| | सो | म | ना | थ | | य | ल | गा | र | |



# डिजिटल जनगणना 2027: हरियाणा में स्वगणना 16 से 20 अप्रैल तक

## अपने बारे में खुद ऑनलाइन दें जानकारी, यह गोपनीय, सटीक और सुरक्षित भी

सेंट्रल डेस्क ▶▶| रोहतक

भारत की पहली पूरी तरह डिजिटल जनगणना 2027 एक नई और सुविधाजनक सुविधा के साथ शुरू होने जा रही है। इस बार इसमें नया फीचर स्वगणना का है।

इसके तहत अब नागरिक आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से गणनाकर्ता के आने से पहले ही अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं, जिससे समय की बचत होगी और सटीकता बढ़ेगी।

यह सुविधा अप्रैल 2026 से राज्यवार तरीके से जनगणना के पहले चरण के लिए उपलब्ध होगी। जनगणना देश में रहने वाले हर व्यक्ति की आधिकारिक गिनती है, जिसमें उनकी आयु, लिंग, शिक्षा, व्यवसाय, आवास और आर्थिक स्थिति जैसी जानकारी शामिल होती है। भारत में यह हर 10 साल में जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत की जाती है। इस डेटा का उपयोग कल्याणकारी योजनाओं की योजना बनाने, निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन, संसाधनों के आवंटन और सरकारी नीतियों के निर्माण में किया जाता है। चंडीगढ़, छत्तीसगढ़ व हरियाणा में स्वगणना 16–20 अप्रैल तक होगी।




भारत में यह हर 10 साल में जनगणना अधिनियम, 1948 के तहत की जाती है

### स्व-गणना की प्रमुख तिथियां (चरण I)

- अंडमान-निकोबार, गोवा, कर्नाटक, लक्षद्वीप, मिजोरम, ओडिशा, सिक्किम, दिल्ली (NDMC और कैंट): 1–15 अप्रैल 2026
- गुजरात, दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव: 5–19 अप्रैल 2026
- उत्तराखंड: 10-24 अप्रैल
- *चंडीगढ़, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, चछत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश: 16–20 अप्रैल 2026*
- बिहार: 17 अप्रैल–1 मई 2026
- तेलंगाना: 26 अप्रैल-10 मई 2026
- पंजाब: 30 अप्रैल-14 मई 2026
- दिल्ली, महाराष्ट्र, मेघालय, राजस्थान, झारखंड: 1-5 मई 2026
- उत्तर प्रदेश: 7-21 मई 2026
- जम्मू-कश्मीर, लद्दाख पुडुचेरी: 17-31 मई 2026
- हिमाचल प्रदेश: 1-15 जून 2026
- केरल, नागालैंड: 16-30 जून 2026
- तमिलनाडु और त्रिपुरा: 17-31 जुलाई 2026
- असम: 2-16 अगस्त 2026
- मणिपुर: 17–31 अगस्त 2026
- बंगाल: तिथि घोषित की जाएगी।

### स्व-गणना क्या है

यह एक नई ऑनलाइन सुविधा है, जिससे नागरिक स्वयं अपनी और अपने परिवार की जानकारी पहले से भर सकते हैं। यह वैकल्पिक है, लेकिन इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है क्योंकि
गोपनीयता बढ़ती है
जानकारी अधिक सटीक होती है
समय की बचत होती है

### दो चरणों में क्यों हो रही?

इस विशाल प्रक्रिया को सुचारु और सटीक बनाने के लिए जनगणना को दो चरणों में विभाजित किया गया है।

**चरण I (हाउस लिस्टिंग और आवास जनगणना):** इसमें घरों की स्थिति, सुविधाओं और संपत्तियों की जानकारी जुटाई जाती है।

**चरण II (जनसंख्या गणना):** इसमें व्यक्तियों की जानकारी जैसे नाम, आयु, लिंग, जाति, धर्म, शिक्षा, व्यवसाय और प्रवास का विवरण दर्ज किया जाता है। यह तरीका बेहतर कवरेज सुनिश्चित करता है व त्रुटियों को कम करता है।

### क्या पूछा जाएगा?

**चरण I (अप्रैल–सितंबर 2026)**
33 प्रश्न पूछे जाएंगे
जिनमें शामिल हैं
मकान का प्रकार
पीने का पानी
शौचालय
बिजली
खाना पकाने का ईंधन
इंटरनेट सुविधा
संपत्तियां (जैसे वाहन, टीवी, कंप्यूटर आदि)

**चरण II (फरवरी 2027)**
व्यक्तिगत जानकारी
नाम, आयु, लिंग
जाति, धर्म
शिक्षा, भाषा
विकलांगता
व्यवसाय
विवाहित महिलाओं के लिए
प्रजनन संबंधी जानकारी

**जम्मू-कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों में यह चरण सितंबर 2026 में ही किया जाएगा।**

### स्व-गणना करने की प्रक्रिया

- आधिकारिक पोर्टल **https://se.census.gov.in/** पर जाएं
- अपना राज्य/केंद्र शासित प्रदेश चुनें और कैप्चा भरें
- परिवार प्रमुख का नाम, मोबाइल नंबर और (वैकल्पिक) ईमेल दर्ज करें
- ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करें
- भाषा चुनें (अंग्रेजी या 15 भारतीय भाषाओं में से कोई)जनगणना फॉर्म भरें और सबमिट करें
- आपको एसएमएस और ईमेल से 11 अंकों का यूनिक स्वगणना आईडी मिलेगा (एच से शुरू)
- इस आईडी को सुरक्षित रखें और गणनाकर्ता को दिखाएं
- आप अंतिम तिथि तक जानकारी सेव और एडिट कर सकते हैं।
- सबमिट करने के बाद केवल गणनाकर्ता ही मामूली बदलाव कर सकता है।

## भाजपा ने असम चुनाव फतह करने के लिए झोंकी पूरी ताकत, तीन शीर्ष नेता पहुंचे, केन्द्रीय गृहमंत्री ने भी हुंकार भरी


# शाह ने घुसपैठ की समस्या खत्म करने यूसीसी लाने का किया वादा

एजेंसी ▶▶| गोलपाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के लागू होने से कथित घुसपैठियों की बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और वे 4 शादियां भी नहीं कर पाएंगे। शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार जनजातीय विकास के लिए एक ठोस रोडमैप पर काम कर रही है। दुधनोई में चुनावी रैली में गृह मंत्री शाह ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद घुसपैठियों के लिए चार शादियां करना संभव नहीं रहेगा, साथ ही उन्होंने दावा किया कि यूसीसी से जनसंख्या असंतुलन की समस्या को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। शाह ने कहा कि यह कदम देश और राज्य दोनों के हित में है।

शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में चुनावी रैली में कहा- बढ़ती आबादी पर लगेगी रोक और 4 शादियां भी नहीं कर सकेंगे लोग

### शाह ने गोलपाड़ा जिले में की चुनावी रैली



जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

#### यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे

शाह ने यह भी साफ किया कि जनजातीय क्षेत्रों को यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों का सम्मान करती है। पार्टी का उद्देश्य विकास के साथ सामाजिक संतुलन बनाना है।

#### जनजातीय विकास के लिए रोडमैप तैयार

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिलकर जनजातीय विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना को तभी लागू किया जा सकेगा, जब राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बने। शाह ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इससे विकास की योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

### हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, धुबरी रैली को रद्द किया

शाह के हेलिकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण असम के धुबरी जिले के गोलकगंज में शुक्रवार को होने वाली पहली चुनावी रैली रद्द कर दी गई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह गुवाहाटी से गोलकगंज के लिए रवाना हुए थे लेकिन उनका हेलीकॉप्टर उतर नहीं सका, जिसके कारण रैली रद्द कर दी गई।

#### यूसीसी पर कांग्रेस फैला रही अफवाह

शाह ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे। लेकिन यह बिल्कुल झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। प्रधानमंत्री ने संस्कृति को बचाया।

#### कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया

शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ। शाह ने कांग्रेस पर असम को घुसपैठियों का 'अड्डा' बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने उन्हें भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

#### असम में गरजे मुख्यमंत्री योगी

### लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे



**बारपेटा।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने असम के बारपेटा में जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी। असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे। पारंपरिक रूप में दिखे।

#### तमिलनाडु चुनाव

### 27 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, पूर्व राज्यपाल भी शामिल



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों को सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को टिकट दिया है। डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने टिकट दिया है। पर, अन्नामलाई का नाम शामिल नहीं है।

#### तमिलनाडु का सियासी रण

### कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची प्रदेश अध्यक्ष श्रीपेरंबुदूर मैदान में



**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस ने भी सूबे में अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई का है।

#### पुडुचेरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

### लंबे रोड शो में लोगों का उत्साह दिखा



पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां चुनाव से पहले शहर में रोडशो शुरू किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और गृह मंत्री ए. नमसिवायम के साथ प्रधानमंत्री ने अजंता सिग्नल पॉइंट के पास अपने रोडशो की शुरुआत की।

#### भाजपा अध्यक्ष नितिन ने कहा

### कांग्रेस शासन में घुसपैठियों ने जमीनें लूटी



कामरूप। यहांभाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि भाजपा असम के हक की लड़ाई लड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के समय घुसपैठियों ने लोगों की जमीनें लूट ली थीं। हिमंत बिस्वा सरमा की सरकार ने उन जमीनों को वापस दिलाने का बड़ा काम किया है।

#### केरल पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा

### कांग्रेस, लेफ्ट ने लोगों को बेवकूफ और मुस्लिमों को वोट बैंक बनाया



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सीपीआईएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही आम लोगों के सामने बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाया। भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है।

#### ममता का भाजपा पर आरोप

### मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी।

#### हिंसा रोकने ईसी का कदम

### केंद्रीय पुलिस बल की 500 कंपनियां रहेंगी तैनात



NESH KUMAR

बंगाल में चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। वोटिंग पूरी होने के बाद भी कानून और व्यवस्था बनाने 500 कंपनियां लगाई है।

### महाराष्ट्र में 40 किमी लंबा महाजाम, जिंदगी थमी



**धाराशिव।** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में इन दिनों आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि सड़कें छोटी पड़ गई हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र की कुलदेवी मां येडेश्वरी के दर्शनों के लिए 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से सोलापुर-धुले हाईवे पर हालात बेकाबू हो गए। करीब 40 किलोमीटर लंबा महाजाम लग गया है। महाराष्ट्र के इस प्रमुख हाइवे पर लगे ट्रैफिक जाम के चौंकाने वाले ड्रोन वीडियो सामने आए हैं। हाइवे पर वाहनों की अंतहीन कतारें लगी हुई थीं।

# थरूर व तिवारी के बाद शर्मा ने किया केंद्र की नीतियों का समर्थन, सियासी चश्मे से न देखें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। शशि थरूर और मनीष तिवारी के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी भारत सरकार की कूटनीतिक नीति का खुलकर समर्थन किया है। शर्मा ने कहा कि इस संकट के समय भारत के राजनयिक, दूतावास और अधिकारी बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं और उनकी कोशिशों को राजनीतिक नजर से नहीं देखना चाहिए। इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा। शर्मा ने कहा भारत ने होर्मुज संकट को अब तक संतुलित और समझदारी भरे तरीके से संभाला है। भारत उन गिने-चुने देशों में है, जहां सबसे अधिक जहाज या तो सुरक्षित निकल पाए हैं या उन्हें भारत की ओर मोड़ दिया गया है। अब तक भारतीय प्रवासी पूरी तरह सुरक्षित हैं।



आनंत शर्मा



शशि थरूर




मनीष तिवारी

#### सरकार लोगों के लिए काम कर रही

शर्मा के बयान में सरकार के रुख की साफ सराहना दिखी। उन्होंने कहा कि भारत के राजनयिक तिरंगे को ऊंचा रखे हुए हैं और वे देश के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में उनका हौसला बढ़ाया जाना चाहिए।

### जयराम का सरकार पर निशाना पहले सर्वदलीय बैठक बुलाएं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली। कांग्रेस ने एक बार फिर से मोदी सरकार पर निशाना साधा है। लोकसभा और राज्यसभा का तीन दिवसीय विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक बुलाया गया है। इसपर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। कांग्रेस के सांसद जयराम रमेश ने कहा कि 16 मार्च को संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कांग्रेस के साथ चर्चा करने की इच्छा व्यक्त की थी। जयराम ने कहा कि सरकार महिला आरक्षण विधेयक, 2023 में कुछ संशोधन करना चाहती है। जयराम ने बताया किरेन रिजिजू का पत्र 16 मार्च को हमें मिला और खरगे ने उसी दिन जवाब देते हुए कहा था मुझे आपका पत्र प्राप्त हुआ है, लेकिन कृपया सर्वदलीय बैठक बुलाएं। हम इस पर चर्चा करेंगे।



स्वच्छ कैथल स्वच्छ हरियाणा

**Office of Municipal Council, Kaithal**
Near Govt. Boys Sr. Sec. School, Kaithal -136027
E-Mail:-eo-kaithal@ulbharyana.gov.in

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित निर्देश जारी किये जाते हैं।

सभी नागरिक यह सुनिश्चित करें कि उनके भवनों में निर्मित / निर्माणाधीन सेप्टिक टैंक का निर्माण BIS मानक IS:2470 (Part-1 एवं Part-2) के अनुसार ही किया जाए।

सीवर एवं सेप्टिक टैंक की मैनुअल (हाथ से) सफाई पूर्णतः प्रतिबंधित है। यह कार्य केवल मशीनों एवं निर्धारित सुरक्षा उपकरणों के माध्यम से ही किया जाएगा।

भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार मैनुअल सफाई करवाना /करना दंडनीय अपराध है जिसके लिए सम्बन्धित व्यक्ति / संस्था के विरूध कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

नगर के सभी नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे उपरोक्त निर्देशों का पालन करें व स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें।

यह सूचना जनहित में जारी की जाती है।

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, कैथल।

**INDICATORS BENCHMARK (MUNICIPAL COUNCIL KAITHAL)**

| Category | Sr. No. Indicator | Benchmark |
|---|---|---|
| Water | 1 Coverage of Water Supply Connection | 100% |
| | 2 Per Capita Supply of Water | 135 Iped |
| | 3 Extent of Non-revenue Water | 15% |
| | 4 Extent of Metering | 100% |
| | 5 Continuity of Water Supplied | 24 Hours |
| | 6 Efficiency in redressal of customer complaints | 80% |
| | 7 Quality of Water Supplied | 100% |
| | 8 Cost Recovery | 100% |
| | 9 Efficiency in Collection of Water Charges | 90% |
| Sewerage | 1 Coverage of Toilets | 100% |
| | 2 Coverage of Sewerage network | 100% |
| | 3 Collection Efficiency of Sewerage network | 100% |
| | 4 Adequacy of Sewerage Treatment | 100% |
| | 5 Quality of Sewerage Treatment | 100% |
| | 6 Extent of reuse and Recycling | 20% |
| | 7 Cost Recovery in Waste Water Management | 100% |
| | 8 Efficiency in complaint redressal | 80% |
| | 9 Collection Efficiency of Charges | 90% |
| Solid Waste Mangement | 1 Household level coverage | 100% |
| | 2 Efficiency in Collection | 100% |
| | 3 Segregation of MSW | 100% |
| | 4 MSW Recovered | 80% |
| | 5 Scientific Disposal | 100% |
| | 6 Cost Recovery | 100% |
| | 7 Collection of Charges | 90% |
| | 8 Complaint redressal | 80% |
| Storm Water Drainage | 1 Coverage | 100% |
| | 2 Incidence of Water logging | 0% |

हस्ता/- कार्यकारी अधिकारी,
नगर परिषद, कैथल।

## अब खुद प्रवेश परीक्षा कोर्स ओर सिलेबस डिजाइन कर सकेंगे

# एनसीईआरटी को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का मिला दर्जा

स्नातक, स्नातकोत्तर और पीएचडी की डिग्री दे सकेंगे अनुसंधान को मिलेगा बढ़ावा और शिक्षा का स्तर भी बढ़ेगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सलाह पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा दे दिया है।

इससे अब एनसीईआरटी को विश्वविद्यालय की तरह काम करने की आजादी मिलेगी, लेकिन इसके साथ कई जरूरी शर्तें भी लागू की गई हैं। एनसीईआरटी ने 2025 में सभी शर्तें पूरी करने की रिपोर्ट सरकार को दी। इसके बाद यूजीसी की विशेषज्ञ समिति ने इस रिपोर्ट की जांच की और इसे सही पाया। यूजीसी आयोग ने जनवरी 2026 में अपनी बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसके बाद केंद्र सरकार ने इसे अंतिम रूप दे दिया।

### शिक्षा मंत्रालय ने दी मंजूरी




### एनसीईआरटी के 6 प्रमुख संस्थानों को शामिल किया

एनसीईआरटी ने यूजीसी अधिनियम 1956 की धारा 3 के तहत डीम्ड यूनिवर्सिटी बनने के लिए आवेदन किया था। यह आवेदन यूजीसी पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया गया था। यूजीसी ने इस आवेदन की जांच की और 2023 में कुछ शर्तों के साथ लेटर ऑफ इंटेंट (एलओएल) जारी किया। इसमें एनसीईआरटी को 3 साल के अंदर सभी शर्तें पूरी करने के लिए कहा गया। इस प्रस्ताव में एनसीईआरटी के 6 प्रमुख संस्थानों को शामिल किया गया है। इनमें अजमेर (राजस्थान), भोपाल (मध्य प्रदेश), भुवनेश्वर (ओडिशा), मैसूर (कर्नाटक), शिलांग (मेघालय) और भोपाल का पंडित सुंदरलाल शर्मा व्यावसायिक शिक्षा संस्थान शामिल हैं। इन सभी संस्थानों को मिलाकर एनसीईआरटी को एक विशेष श्रेणी में विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है।

- ♦ सभी कोर्स यूजीसी और अन्य शिक्षा संस्थाओं के नियमों के अनुसार चलाने होंगे।
- ♦ नए कोर्स, ऑफ-कैंपस सेंटर या विदेशी कैंपस तय नियमों के तहत शुरू कर सकेंगे।
- ♦ एडमिशन, सीटों की संख्या और फीस से जुड़े नियमों का पालन करना जरूरी होगा।

#### इन शर्तों के साथ मिला दर्जा

संस्थान अपनी संपत्ति या फंड बिना सरकार और यूजीसी की अनुमति के ट्रांसफर नहीं कर सकता। साथ ही, वह किसी भी तरह की मुनाफा कमाने वाली गतिविधि में शामिल नहीं होगा।

चिंतन

# अंतर्विरोधों को दूर करे आम आदमी पार्टी

अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में उभरी आम आदमी पार्टी (आप) ने भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से जन्म लेकर जनता के बीच विश्वास का मजबूत आधार बनाया, लेकिन हाल के घटनाक्रम, विशेषकर राघव चड्ढा को राज्यसभा के उपनेता पद से हटाए जाने के बाद, यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या पार्टी के भीतर सब कुछ ठीक चल रहा है। पहले स्वाति मालिवाल, योगेंद्र यादव, कुमार विश्वास और प्रशांत भूषण सरीखे नेताओं के बाद अब राघव पर कार्रवाई इस बात का संकेत है कि पार्टी में अंदरूनी कलह चल रही है। किसी भी राजनीतिक दल की मजबूती उसकी आंतरिक एकजुटता और अनुशासन पर निर्भर करती है। आप ने हमेशा खुद को अन्य दलों से अलग, अधिक पारदर्शी और लोकतांत्रिक संगठन के रूप में प्रस्तुत किया, लेकिन राघव चड्ढा प्रकरण ने इस छवि को कहीं न कहीं धक्का पहुंचाया है। यदि पार्टी के वरिष्ठ नेता ही पार्टी लाइन से अलग चलते दिखें या उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए तो यह संकेत देता है कि अंदरूनी स्तर पर मतभेद गहरे हो चुके हैं। राघव चड्ढा कभी आप के उभरते सितारे माने जाते थे। विशेषकर पंजाब विधानसभा चुनाव में उन्हें जीत का हीरो माना गया था, लेकिन अब वही नेता पार्टी नेतृत्व के निशाने पर हैं। यह बदलाव केवल व्यक्तिगत मतभेद का परिणाम नहीं लगता, बल्कि यह संगठनात्मक असंतुलन की ओर इशारा करता है। राघव का यह कहना कि उन्हें खामोश कराया गया है, पार्टी के भीतर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर भी सवाल खड़े करता है। लोकतंत्र में असहमति को स्थान देना किसी भी संगठन की मजबूती का संकेत होता है, न कि कमजोरी का। यदि पार्टी के भीतर ही असहमति को दबाने का प्रयास होगा तो वह धीरे-धीरे संगठन को कमजोर कर सकता है। दूसरी ओर, पार्टी के प्रवक्ताओं और नेताओं द्वारा राघव चड्ढा पर लगाए गए आरोप भी कम गंभीर नहीं हैं। उनका कहना है कि जब पार्टी को राघव की सबसे ज्यादा जरूरत थी, उस समय वे पार्टी लाइन से अलग दिखे और अपने हितों को ऊपर रखा। यदि यह सही है कि उन्होंने महत्वपूर्ण मौकों पर पार्टी का साथ नहीं दिया या पार्टी के प्रस्तावों से दूरी बनाई, तो यह अनुशासनहीनता का मामला बनता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इन मतभेदों को बातचीत और समन्वय के जरिए सुलझाने की कोशिश की गई? आप का उदय अण्णा हजारे के आंदोलन से हुआ था, जो पारदर्शिता, जवाबदेही और जनभागीदारी की बात करते थे। ऐसे में पार्टी के भीतर उभरते अंतर्विरोध उन मूल सिद्धांतों के विपरीत प्रतीत होते हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है, तो इसका असर न केवल पार्टी की छवि पर पड़ेगा, बल्कि उसके जनाधार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि आप नेतृत्व आत्ममंथन करे। व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप से ऊपर उठकर संगठन के हित को प्राथमिकता दे। पार्टी को चाहिए कि वह अपने नेताओं के बीच संवाद स्थापित करे, मतभेदों को खुले मंच पर सुलझाए और एक स्पष्ट दिशा तय करे। इससे न केवल आंतरिक एकजुटता मजबूत होगी, बल्कि जनता के बीच भी सकारात्मक संदेश जाएगा। अंततः, राजनीति में केवल बाहरी चुनौतियां ही नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन भी उतना ही महत्वपूर्ण होता है। यदि आम आदमी पार्टी अपने अंतर्विरोधों को समय रहते दूर कर लेती है, तो वह एक बार फिर अपनी साख को मजबूत कर सकती है। अन्यथा, ये मतभेद धीरे-धीरे उसकी राजनीतिक ताकत को कमजोर कर सकते हैं।

# पाषाण की धमकी और आधुनिक का डर



जंग
सुनील कुमार महला

हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अमेरिका बमबारी कर ईरान को पाषाण युग में पहुंचा देगा, जहां वो पहले था। वास्तव में, ट्रम्प के इस बयान का सीधा सा मतलब है किसी देश की सैन्य, आर्थिक और बुनियादी ताकत को पूरी तरह खत्म कर देना। इसे ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद युद्धविराम और हॉर्मुज खुलने की उम्मीद लगा रही दुनिया सकते में हैं। यह सत्य है कि प्राकृतिक संसाधनों जैसे तेल और गैस पर मानव का अधिकार है, किंतु ये संसाधन सीमित हैं और इनका अंधाधुंध दोहन या युद्ध के कारण विनाश अंततः पूरी मानवता के लिए हानिकारक सिद्ध होगा।

मध्य-पूर्व में जंग को चलते हुए एक महीने से भी ज्यादा का समय हो गया है। इस युद्ध के और अधिक लंबा खिंचने से पूरी दुनिया सकते में है। इधर, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अमेरिका बमबारी कर ईरान को पाषाण युग में पहुंचा देगा, जहां वो पहले था। वास्तव में, ट्रम्प के इस बयान का सीधा सा मतलब है किसी देश की सैन्य, आर्थिक और बुनियादी ताकत को पूरी तरह खत्म कर देना। इसे ठीक नहीं ठहराया जा सकता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि डोनाल्ड ट्रंप के इस बयान के बाद युद्धविराम और हॉर्मुज खुलने की उम्मीद लगा रही दुनिया सकते में हैं। ट्रंप ने कहा कि 32 दिन की जंग और अमेरिकी सैन्य ऑपरेशन के बाद ईरान को अब कोई खतरा नहीं है। अमेरिका ने ईरान की नौसेना और वायुसेना को नष्ट कर दिया है और ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल और परमाणु कार्यक्रम बुरी तरह प्रभावित हो चुका है। अमेरिका द्वारा ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रम पर हमला न केवल क्षेत्रीय बल्कि वैश्विक शांति के लिए भी खतरनाक साबित हो सकता है। इसलिए यह आवश्यक है कि सभी देश युद्ध के बजाय बातचीत, सहयोग और शांति के मार्ग को अपनाएं। हाल फिलहाल, ट्रंप ने कहा कि अगले दो-तीन हफ्तों में ईरान पर कड़ा प्रहार करेंगे और हम उसे पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उसे वास्तव में होना चाहिए था। हालांकि, ट्रंप ने युद्ध को खत्म करने की कोई ठोस योजना नहीं बताई। उन्होंने सिर्फ इतना कहा कि अमेरिका बहुत जल्दी अपना काम पूरा कर लेगा। इधर, ट्रंप की धमकी के बाद ईरान की आईआरजीसी के एयरोस्पेस प्रमुख जनरल सैय्यद माजिद मूसावी ने यह बात कही है कि 250 साल का इतिहास वाला देश छह हजार साल पुरानी सभ्यता को धमकी दे रहा है, और ये सिर्फ उसका भ्रम है। ट्रंप के पाषाण युग वाली धमकी से जुड़े अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ की पोस्ट के जवाब में मूसावी ने कहा कि अमेरिका अपने सैनिकों को उनकी कब्रों की ओर ले जा रहा है। हॉलीवुड के भ्रमों से अमेरिका के दिमाग में जहर भर गया है और इसी का नतीजा है कि वो हजारों साल पुरानी सभ्यता को धमका रहा है। अगर उसकी धरती पर कोई उतरता है तो एक भी व्यक्ति जिंदा नहीं बचेगा। ईरान सेना के प्रमुख मेजर जनरल आमीर हतामी ने कहा कि हम पर हमला करने वाले नहीं बचेंगे। हमारे देश से युद्ध का साया हटना चाहिए। सभी के लिए सुरक्षा सुनिश्चित होनी चाहिए। वहीं, ईरानी सेना के प्रवक्ता ले. कर्नल इब्राहिम जोल्फागरि ने कहा कि ईरान के पास मिसाइलों और विस्फोटों का पर्याप्त भंडार है। जिन सैन्य ठिकानों पर आपने हमला किया वो ईरान के लिए महत्वहीन हैं। वहीं दुनियाभर के निवेशकों को यह उम्मीद थी कि मध्य पूर्व की जंग थम जाएगी। तेल संकट से जूझ रहे देशों को इससे उबरने का मौका मिलेगा, लेकिन ट्रंप के ऐलान से दुनियाभर के बाजार सकते में आ गए। भारत का शेयर बाजार भी शुरुआत में लड़खड़ाकर संभला। कच्चा तेल और महंगा हो गया। सच तो यह है कि मध्य-पूर्व की जंग से पूरी दुनिया को कहीं न कहीं समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। एशियाई बाजारों में गिरावट आ गई है और निक्केई, शंघाई, हैंगसैग और सिंगापुर के बाजार 3% टूटे हैं। हालांकि, सेंसेक्स झटकों के बाद निचले स्तर से 2000 अंक सुधरा है। अमेरिकी बाजारों में



भी जंग का काफी हद तक असर हुआ है और यही कारण है कि डैक्स, फिट्सी, नैस्डेक, डाओ जोन्स आधा फीसदी गिरा है। इधर, रुपये को आरबीआई ने संभाला और यह 1.56 रुपये की बढ़त लेकर 93.14 पर बंद हुआ। इतना ही नहीं, जंग से सोने-चांदी की कीमतों पर भी व्यापक रूप से असर पड़ा है। सोना 3500 रुपये तो चांदी 9000 रुपये की गिरावट लेकर बंद हुई। बहरहाल, अमेरिका-ईरान-इज़राइल युद्ध के कारण ईरान में सबसे भारी नुकसान हुआ है, जहां अब तक लगभग 1,800 से 2,000 तक मौतें और करीब 20 हजार तक घायल बताए जा रहे हैं। वहीं, इज़राइल में लगभग 19-30 लोगों की मौत और 4,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। अमेरिका के करीब 13-15 सैनिक मारे गए हैं। अगर पूरे संघर्ष क्षेत्र को जोड़ें तो कुल मौतों का आंकड़ा 3,000 से 5,000 से अधिक के बीच पहुंच चुका है, जबकि घायलों की संख्या 20,000 से अधिक है। युद्ध अभी जारी है और लगातार हवाई हमलों व मिसाइल हमलों के कारण ये आंकड़े रोज़ बढ़ रहे हैं। इससे यह एक बड़े मानवीय संकट में बदलता जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि मध्य-पूर्व में जारी संघर्ष-खासतौर पर ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव ने पूरी दुनिया को गहरे संकट में डाल दिया है। तेल और गैस आपूर्ति पर इसका सीधा असर पड़ा है, क्योंकि वैश्विक ऊर्जा का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में कच्चे तेल और एलएनजी की कीमतों में तेज उछाल देखा गया है। इसका असर यह हुआ कि परिवहन लागत बढ़ी, जिससे खाद्यान्न, दाल-अनाज, सब्जियों और रोज़मर्रा के सभी आवश्यक सामान महंगे हो गए। कई देशों में महंगाई दर तेजी से बढ़ी है और आर्थिक अस्थिरता की आशंका गहरा गई है। इसके साथ ही पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र को भी भारी क्षति पहुंच रही है। लगातार हो रहे हवाई हमलों, मिसाइल हमलों और तेल भंडारण केंद्रों पर हमलों से बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन, आगजनी और प्रदूषण बढ़ा है। समुद्री क्षेत्रों में तेल रिसाव का खतरा भी बढ़ गया है, जिससे समुद्री जीव-जंतु और तटीय पारिस्थितिकी प्रभावित हो रही है। इस प्रकार यह संघर्ष केवल सैन्य या राजनीतिक नहीं, बल्कि आर्थिक, पर्यावरणीय और मानवीय संकट का व्यापक रूप ले चुका है। वास्तव में, युद्ध किसी भी समस्या का अंतिम और स्थायी समाधान नहीं हो सकता, बल्कि यह मानवता पर सीधा और गहरा प्रहार है। वर्तमान में अमेरिका, ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ता तनाव इस बात का उदाहरण है कि शक्ति प्रदर्शन और सैन्य टकराव केवल विनाश को जन्म देते हैं, समाधान को नहीं। सच तो यह है कि यह जंग जितनी लंबी खिंच रही है, उतना ही दुनिया के लिए खतरा बढ़ता जा रहा है। बड़े देशों के आक्रामक बयान हालात को और बिगाड़ सकते हैं। इसका असर सिर्फ युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और शांति पर पड़ रहा है। अतः आज आवश्यकता इस बात की है कि ये राष्ट्र आपसी संवाद, कूटनीति और शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से अपने मतभेदों को सुलझाएं।

यह सत्य है कि प्राकृतिक संसाधनों जैसे तेल और गैस पर मानव का अधिकार है, किंतु ये संसाधन सीमित हैं और इनका अंधाधुंध दोहन या युद्ध के कारण विनाश अंततः पूरी मानवता के लिए हानिकारक सिद्ध होगा। युद्ध के चलते न केवल अर्थव्यवस्था और समाज प्रभावित होते हैं, बल्कि धरती भी बंजर होती जा रही है; जंगल नष्ट हो रहे हैं, जैव विविधता खतरे में है और पशु-पक्षियों का अस्तित्व संकट में पड़ रहा है। इसलिए यह समय विनाश के मार्ग से हटकर सह-अस्तित्व, संतुलन और शांति के रास्ते को अपनाने का है, क्योंकि अंततः यही मानव और प्रकृति दोनों के हित में है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## हमारा वास्तविक स्वभाव क्या है



संकलित
दर्शन

जीवन क्या है? इसका उद्देश्य क्या है? ये प्रश्न जितने सरल लगते हैं, उतने ही रहस्यमय भी हैं। इन्हें जितना समझने की कोशिश करते हैं, वे उतने ही उलझते जाते हैं। दरअसल, जानना हृदय का विषय नहीं है, जीना हृदय का विषय है। रहस्य समझने के लिए नहीं, बल्कि जीने के लिए हैं। जीवन के रहस्य को जीना ही आनंद है। ज्ञान प्राप्त होने से पहले लगता है कि हममें अज्ञान नहीं है। लेकिन जैसे-जैसे ज्ञान बढ़ता है, तो लगता है हममें काफी अज्ञान है। एक कहावत है, आत्मज्ञान होने से पहले लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। आत्मज्ञान के बाद भी, लकड़ी काटो और पानी भर कर लाओ। अंतर इतना है कि पहले हम दुखी रहकर काम करते थे। लेकिन आत्मज्ञान के बाद वही कार्य आनंद से करते हैं। हमारा जीवन कितना उत्तम है, यह हमारे मन की अवस्था पर निर्भर करता है। हम वही सुनना पसंद करते हैं, जिसमें हमारी रुचि होती है। जब हमारा जीवन प्रेम में केंद्रित होता है, तो हम प्रेम के बारे में जानना चाहते हैं। जब जीवन बच्चों के इर्द-गिर्द घूमता है, तो हम बच्चों के बारे में ही सुनना चाहते हैं। जो हमारी इच्छा हो, हमें वही सुनना पसंद है और हमारी इच्छाओं का कभी अंत ही नहीं होता।

## मृत्यु के बाद के साथी



संकलित
प्रेरणा

एक व्यक्ति के तीन घनिष्ठ मित्र थे। उन्होंने जीवन भर उसका साथ निभाया। जब वह मरने की अवस्था के निकट पहुँचा तो अपने मित्रों को पास बुलाकर बोला- अब मेरा अंतिम समय आ गया है। तुम लोगों ने आजीवन मेरा साथ दिया है। मृत्यु के बाद भी क्या तुम लोग मेरा साथ दोगे? पहला मित्र बोला- मैंने जीवन भर तुम्हारा साथ निभाया। लेकिन अब मैं बेबस हूँ। इससे आगे अब मैं तुम्हारी कोई मदद नहीं कर सकता हूँ। दूसरा मित्र बोला- मैं मृत्यु को नहीं रोक सकता। मैंने आजीवन तुम्हारा हर परिस्थिति में साथ दिया है। तुम्हारे जाने के बाद, मैं यह सुनिश्चित करूँगा कि तुम्हारी अंतिम संस्कार की प्रक्रिया यथावत संपन्न हो। तीसरा मित्र बोला- मित्र! तुम तनिक भी चिंता मत करो, मैं मृत्यु के बाद भी तुम्हारा साथ दूँगा, तुम जहाँ भी जाओगे, मैं तुम्हारे साथ रहूँगा। मनुष्य के ये तीन घनिष्ट मित्र हैं- धन, परिवार एवं कर्म। इन तीनों में से मनुष्य के कर्म ही मृत्यु के बाद भी उसका साथ निभाते हैं। धन समय को साथ यहां छूट जाता है। उसे मनुष्य मृत्यु के बाद अपने साथ नहीं ले जा सकता। यही स्थिति परिवार की होती है। मृत्यु के बाद व्यक्ति के साथ उसका परिवार भी नहीं जाता। सिर्फ इस संसार में किए गए अच्छे कर्म ही मृत्यु के उपरान्त उसके साथ जाते हैं।

ईरान-इजराइल तनाव
मुकेश प्रजापति



# यूएन की प्रासंगिकता, सीमाएं और पुनर्संरचना की जरूरत

पश्चिम एशिया में ईरान और इजराइल के बीच गहराता तनाव समकालीन वैश्विक राजनीति के सबसे जटिल और संवेदनशील प्रश्नों में से एक बन चुका है। यह संघर्ष केवल द्विपक्षीय विरोधाभास तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें वैचारिक टकराव, क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन, गैर-राज्य कारकों की सक्रियता और महाशक्तियों की रणनीतिक प्रतिस्पर्धा भी अंतर्निहित है। विशेष रूप से इस संघर्ष में इजराइल को अमेरिका का स्पष्ट और संरचनात्मक समर्थन प्राप्त है, जो इसे एक क्षेत्रीय विवाद से आगे बढ़ाकर वैश्विक भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा बना देता है। ऐसे बहुस्तरीय संकट में संयुक्त राष्ट्र संघ (यूएन) की भूमिका, उसकी प्रासंगिकता और संस्थागत सीमाओं का आलोचनात्मक विश्लेषण अनिवार्य हो जाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 1945 में उदार अंतरराष्ट्रीयतावाद की उस धारणा पर आधारित थी, जिसमें यह विश्वास निहित था कि बहुपक्षीय संस्थाएं, नियम-आधारित व्यवस्था और सामूहिक सुरक्षा तंत्र विश्व शांति को सुनिश्चित कर सकते हैं। 21वीं सदी के जटिल भू-राजनीतिक यथार्थ में यह आदर्श बार-बार यथार्थवादी शक्तियों की राजनीति से टकराता दिखाई देता है। ईरान-इजराइल संबंधों में अंतर्निहित शत्रुता वैचारिक, सामरिक और राजनीतिक स्तरों पर निर्मित हुई है। इजराइल जहां पश्चिमी खेमे का महत्वपूर्ण सहयोगी है, वहीं ईरान स्वयं को क्षेत्रीय प्रतिरोध की धुरी के रूप में प्रस्तुत करता है और इजराइल के अस्तित्व को चुनौती देता है। ईरान का परमाणु कार्यक्रम, इजराइल की सुरक्षा चिंताओं और क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं के साथ मिलकर एक स्थायी तनाव का आधार तैयार करता है। अमेरिका द्वारा इजराइल को प्रदान किया जाने वाला सैन्य, कूटनीतिक और आर्थिक संरक्षण इस समीकरण को और अधिक असंतुलित बनाता है, जिससे यह संघर्ष व्यापक शक्ति-राजनीति का प्रतिबिंब बन जाता है। संयुक्त राष्ट्र की भूमिका को यदि संस्थागत दृष्टि से देखा जाए, तो इसके पास शांति स्थापना, प्रतिबंध, मध्यस्थता और मानवीय हस्तक्षेप जैसे अनेक उपकरण उपलब्ध हैं। संयुक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी संरचनात्मक बाधा उसकी सुरक्षा परिषद की संरचना है, विशेषकर स्थायी सदस्यों को प्राप्त वीटो शक्ति। यह व्यवस्था द्वितीय विश्व युद्ध के बाद की शक्ति-संतुलन की उपज है, जो वर्तमान बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में असंगत प्रतीत होती है। इजराइल से जुड़े मामलों में अमेरिका का निरंतर समर्थन और वीटो का संभावित प्रयोग संयुक्त राष्ट्र की निष्पक्षता और प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वहीं रूस और चीन का दृष्टिकोण कई बार संतुलन स्थापित करने के बजाय शक्ति-राजनीति का ही विस्तार प्रतीत होता है। संयुक्त राष्ट्र की सीमाओं को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में समझना भी आवश्यक है। वर्ष 2003 में इराक पर अमेरिकी नेतृत्व में हुआ आक्रमण संयुक्त राष्ट्र की स्वीकृति के बिना संपन्न हुआ, जिसने सामूहिक सुरक्षा की अवधारणा को गंभीर रूप से कमजोर किया। इसी प्रकार, अफगानिस्तान में अमेरिका के दीर्घकालिक सैन्य हस्तक्षेप के दौरान संयुक्त राष्ट्र की भूमिका अपेक्षाकृत गौण रही, जो इसकी संस्थागत निर्बलता को रेखांकित करता है। ये उदाहरण दर्शाते हैं कि जब महाशक्तियों के रणनीतिक हित दांव पर होते हैं, तब अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अक्सर निष्क्रिय या अप्रभावी हो जाती हैं। इसके विपरीत, संयुक्त राष्ट्र ने 'लो-पॉलिटिक्स' के क्षेत्रों विशेषकर मानवीय सहायता और वैश्विक स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। इस प्रकार, संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता को एक द्वंद्वात्मक परिप्रेक्ष्य में समझा जाना चाहिए, जहां एक ओर यह वैश्विक संवाद, वैधता और सहयोग का मंच प्रदान करता है, वहीं दूसरी ओर इसकी संरचनात्मक सीमाएं इसे निर्णायक हस्तक्षेप से रोकती हैं। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में संयुक्त राष्ट्र के पुनर्संरचना की आवश्यकता स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। सुरक्षा परिषद का विस्तार, वीटो शक्ति के प्रयोग पर पुनर्विचार तथा विकासशील देशों की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना, ये सभी कदम इसे अधिक प्रतिनिधिक और प्रभावी बना सकते हैं। भारत जैसे उभरते राष्ट्र लंबे समय से इस दिशा में सुधार की मांग करते रहे हैं। अंततः संयुक्त राष्ट्र संघ न तो पूर्णतः अप्रासंगिक हुआ है और न ही सर्वशक्तिमान है। यह एक ऐसी संस्था है, जिसकी प्रभावशीलता वैश्विक शक्ति-संतुलन और सदस्य देशों की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है। ईरान-इजराइल संघर्ष के संदर्भ में यह स्पष्ट है कि संयुक्त राष्ट्र की भूमिका सीमित होते हुए भी अनिवार्य बनी हुई है। अतः आवश्यकता इस बात की है कि इसे समकालीन वैश्विक यथार्थ के अनुरूप पुनर्गठित किया जाए, ताकि यह वास्तव में "विश्व शांति" के अपने मूल उद्देश्य को साकार कर सके।

(लेखक प्राध्यापक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अंतर्मन




## आज की पाती

### भ्रष्टाचार, सस्ती शिक्षा, सस्ते इलाज पर भी गौर हो

बड़ी ख़ुशी की बात है कि गृहमंत्री अमित शाह ने बड़े जोर-शोर से कहा कि देश नक्सल-मुक्त हो गया है। होना भी चाहिए नक्सलमुक्त जिससे जनजीवन सामान्य बना रहे। अब सरकार को देश को भ्रष्टाचारमुक्त बनाने पर विचार करना चाहिए, क्योंकि भ्रष्टाचार भी बहुत बड़ा कारण है महंगी शिक्षा और महंगी चिकित्सा व अन्य विकासशील कार्यों में रुकावट के लिए। ये बहुत अच्छी बात है कि कुछ ऐसी सरकारी योजनाएं चल रही हैं जिससे गरीब व उम्रदराज लोगों को सस्ती चिकित्सा उपलब्ध होने लगी है, जिसमें आयुष्मान योजना और जन औषधि केंद्र प्रमुख हैं, जहां इलाज भी फ्री और दवाइयां भी किफायती मिल जाती हैं।

- विनय कुमार, रेवाड़ी

## ट्रेंड

### शिक्षा अनमोल पूंजी



शिक्षा केवल आजीविका का साधन नहीं, बल्कि जीवन को श्रेष्ठ बनाने का सशक्त माध्यम भी है। यह वो अनमोल पूंजी है, जिसके जरिए आज हमारी युवाशक्ति हर क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान बनाकर देश का नाम रोशन कर रही है।

- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### पाक में कांग्रेस सरकार



पप्पू, ज़रा सुन लो - असम में कांग्रेस की सरकार अगले 50 साल तक नहीं बनने वाली; हाँ, पाकिस्तान में बन सकती है। और यह भी सुन लो कि तुम सात जन्म भी ले लो, तब भी मेरा बाल बाँका नहीं कर पाओगे।

- हिमंता बिस्वा सरमा, सीएम, असम


### अराजक तत्वों का दबदबा



मालदा में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस तरह की घटनाएं बताती हैं कि मुख्यमंत्री ममता के संरक्षण में अराजक तत्वों का मनोबल कितना बढ़ चुका है, जो न्यायपालिका जैसे मजबूत स्तंभ को भी चुनौती देने का दुस्साहस कर रहे हैं।

- बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड

### बीजेपी बौखलाई




गुजरात में पंचायत और नपा चुनावों के पहले अवैध रूप से हमारे 160 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया जा चुका है। "आप" की बढ़ती लोकप्रियता से बीजेपी बुरी तरह से बौखलाई हुई है। गुजरात के लोग इसका जवाब ज़रूर देंगे।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली

## करंट अफेयर

### फ्रांस से जुड़ा कंटेनर होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरा



माल्टा का ध्वज वाहक और फ्रांसीसी जहाजरानी कंपनी सीएमए सीजीएम द्वारा संचालित जहाज सीएमए सीजीएम क्रिबी ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर लिया है। समुद्री यातायात पर नजर रखने वाली वेबसाइट ने यह जानकारी दी। वेबसाइट के मुताबिक यह संभवतः पहला फ्रांसीसी पोत है जिसने ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद किये जाने के बाद पार किया है। इसके मुताबिक जहाज बृहस्पतिवार को दुबई के समुद्री क्षेत्र से रवाना हुआ और शुक्रवार को ओमान के मस्कट के तट पर पहुंचा। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया के लिए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी कंटेनर जहाजरानी कंपनी सीएमए सीजीएम से संपर्क किया लेकिन उक्त कंपनी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इजराइल-अमेरिका और ईरान युद्ध की शुरुआत के बाद से जलडमरूमध्य से होकर गुजरने वाले पोतों की संख्या में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है। लॉयड्स लिस्ट इंटेलिजेंस नामक डेटा कंपनी के मुताबिक एक मार्च से अब तक टैंकर और कंटेनर जहाजों सहित लगभग 150 जहाज ही जलडमरूमध्य से गुजरे हैं। इनमें से भी अधिकतर ईरान, चीन, भारत और पाकिस्तान से जुड़े हैं।

## ऑफ बीट

### छोटा दिमाग फिर भी भंवरे कर सकते हैं लय की पहचान



इंसानों की तरह अब भंवरों (बम्बलबी) में भी लय (रिदम) को पहचानने और सीखने की क्षमता पाई गई है, जबकि उनका दिमाग तिल के दाने जितना छोटा होता है। 'साइंस' पत्रिका में प्रकाशित एक नए अध्ययन में यह खुलासा हुआ है। अब तक माना जाता था कि लय को समझने और पहचानने की क्षमता केवल बड़े और जटिल दिमाग वाले जीवों, जैसे इंसानों या कुछ पक्षियों और स्तनधारियों तक सीमित है। लेकिन इस अध्ययन से पता चलता है कि छोटे दिमाग वाले जीव भी इस जटिल कौशल को सीख सकते हैं। प्रकृति में लय हर जगह मौजूद है- पक्षियों और मेंढकों की आवाज़ों से लेकर जुगनुओं की चमक और मधुमक्खियों के नृत्य तक। हालांकि पहले यह समझा जाता था कि ये सभी व्यवहार जन्मजात होते हैं और इनमें सीखने की भूमिका नहीं होती। इस धारणा को परखने के लिए शोधकर्ताओं ने भंवरों पर प्रयोग किए। उन्हें कृत्रिम फूलों के जरिए प्रशिक्षित किया गया, जिनमें एलईडी लाइट्स लगी थीं। अलग-अलग लाइट पैटर्न में से एक पैटर्न पर मीठा घोल (इनाम) दिया जाता था, जबकि दूसरे पर नहीं। भंवरों को इन पैटर्न के बीच अंतर केवल उनकी लय के आधार पर समझना था।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ट्रेनिंग में लौटे चेन्नई सुपर किंग्स के दो धाकड़ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 में आगाज अच्छा नहीं रहा था। टीम को राजस्थान रॉयल्स के सामने करारी हार मिली थी। अब दूसरे मुकाबले में चेन्नई का सामना पंजाब किंग्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए अच्छी खबर है। उसके दो अहम खिलाड़ी ट्रेनिंग में नज़र आए।

ये दोनों चोटों की वजह से राजस्थान के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे। ये हैं महेंद्र सिंह धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस। हालांकि दोनों के खेलने पर अभी तस्वीर साफ नहीं हुई लेकिन ट्रेनिंग में आने से बूस्ट मिला है। धोनी के बारे में चेन्नई ने कहा था कि वह दो सप्ताह के लिए बाहर हुए हैं। वह अभी काफ स्ट्रेन से जूझ रहे हैं। वहीं ब्रेविस को साइड स्ट्रेन के चलते पहले मुकाबले से बाहर रहना पड़ा था। उनकी वापसी पर कोई अपडेट नहीं आई थी। इस बीच यह साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी टीम फिजियो के साथ प्रैक्टिस करता दिखा। उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। इस दौरान वे किसी मुश्किल में नहीं दिखे। नी ने 1 अप्रैल को भी सीएसके की प्रैक्टिस में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने स्पिनर्स का सामना किया था। 2 अप्रैल को उन्होंने पेसर्स और थ्रोडाउन भी खेले। इस दौरान कुछ शॉट्स पर तो गेंद स्टैंड्स में जाकर गिरी। धोनी के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने हंसते हुए कहा कि उनके बारे में 13वीं दिन अपडेट दी जाएगी क्योंकि वे दो सप्ताह के लिए पहले ही बाहर हो चुके हैं।



# अभिषेक ने जताई असहमति, लगा 25 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सनराइजर्स हैदराबाद के उप कप्तान अभिषेक शर्मा पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। अभिषेक ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल एक के उल्लंघन का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की दी सजा को मान लिया।

आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।



अभिषेक ने 21 गेंदों में 48 रन बनाकर सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 65 रन से जीता, जो उसकी मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत भी है। अभिषेक ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए लेकिन टीवी अंपायर नितिन मेनन के फैसले पर असहमति जताने के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया।

वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर डाइव लगाकर अभिषेक का कैच लिया, लेकिन इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं था कि कैच साफ तरीके से लिया गया था। लेकिन मेनन ने कैच को वैध करार दिया, जिस पर अभिषेक ने अपनी असहमति जताई थी।

## खबर संक्षेप



### मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। रहाणे ने कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है।

### पीएसबी ने की खेल बजट में बढ़ोतरी की मांग

**कराची।** पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए उनका सालाना बजट 1.2 अरब रुपए से बढ़ाकर 4.9 अरब रुपए कर दिया जाए। इस हफ्ते इस्लामाबाद में पीएसबी की 36वीं सालाना बैठक में सालाना बजट बढ़ाने के संबंध में फैसला लिया गया। पड़ोसी देश भारत और एशिया के दूसरे देशों की तुलना में पाकिस्तान का खेल बजट सबसे कम माना जाता है, जिसने 1984 के बाद से ओलंपिक खेलों में सिर्फ एक स्वर्ण पदक जीता है।

### भविष्य का खिलाड़ी गजांफर, करेगा बेहतर प्रदर्शन : जयवर्धने

**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने



अफगानिस्तान के युवा स्पिनर अल्लाह गजांफर का बचाव करते हुए उन्हें टीम का 'एक्स फैक्टर' बताया। बीस वर्ष के गजांफर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के पहले मैच में 51 रन दिए थे। जयवर्धने ने कहा,' वह भविष्य का खिलाड़ी है।

किंग्स ने 18.4 ओवर में 5 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल किया

## कप्तान श्रेयस की फिफ्टी, वैशाख ने 2 विकेट झटके

# पंजाब की लगातार दूसरी जीत चेन्नई को 5 विकेट से हराया

भाषा ▶▶| चेन्नई

कप्तान श्रेयस अय्यर के शानदार और संतुलित अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराया। श्रेयस ने 29 गेंद में 50 रन बनाये और निहाल वढेरा के साथ चौथे विकेट के लिये 59 रन की अहम साझेदारी की। पंजाब ने 210 रन का लक्ष्य आठ गेंद बाकी रहते पांच विकेट खोकर हासिल करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार थी। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने विशाल लक्ष्य के बावजूद संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरूआत दी। प्रियांश आर्य ने 11 गेंद में 39, प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंद में 43 और कूपर कोनोली ने 22 गेंद में 36 रन बनाये। आर्य ने चेन्नई के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। खलील अहमद को उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया जबकि मैट हेनरी को उनके पहले ही ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर 20 रन निकाले। आर्य और प्रभसिमरन ने सिर्फ 4.2 ओवर में 61 रन की साझेदारी की। वहीं कप्तान श्रेयस ने धीमी शुरूआत करने के बाद हाथ खोलने शुरू किये। उन्होंने स्पिनरों की जमकर धुनाई की और लेग स्पिनर राहुल चाहर को शानदार छक्का लगाया। श्रेयस ने अंशुल कम्बोज को चौका लगाकर 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसी गेंदबाज की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। अगले ओवर में हेनरी ने वढेरा को पवेलियन भेजा लेकिन तब तक पंजाब की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। इससे पहले आयुष म्हात्रे के 43 गेंद में 73 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 209 रन बनाये। संजू सैमसन (सात) के जल्दी आउट होने के बाद म्हात्रे ने कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (28) के साथ दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की।

प्रियांश मैन आफ द मैच



### चेन्नई-209/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का प्रभसिमरन बो बार्टलेट | 7 |
| रूतुराज का वढेरा बो चहल | 28 |
| आयुष का चहल बो विशाख | 73 |
| शिवम दुबे नाबाद | 45 |
| कार्तिक पगबाधा बो यानसेन | 01 |
| सरफराज का वढेरा बो विशाख | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 6 |

अतिरिक्त : 17 रन

योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन

विकेट पतन : 1-14, 2-110, 3-123, 4-130, 5-168

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-41-0, बार्टलेट 4-0-48-1, यानसेन 4-0-43-1, विशाख 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टोइनिस 1-0-17-0

### पंजाब-210/5 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो हेनरी | 49 |
| प्रभसिमरन सिंह रन आउट | 43 |
| कूपर का हेनरी बो कम्बोज | 36 |
| श्रेयस का चाहर बो कम्बोज | 50 |
| निहाल का नूर अहमद बो हेनरी | 10 |
| शशांक सिंह नाबाद | 14 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 9 |

अतिरिक्त : नौ रन

योग : 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन

विकेट पतन : 1-61 , 2-95 , 3-127 , 4-186 , 5-186

गेंदबाजी: खलील 3-0-28-0, हेनरी 4-0-54-2, कम्बोज 3.4-0-43-2, नूर 4-0-38-0, चाहर 4-0-46-0

### मुंबई बनाम दिल्ली, टॉप ऑर्डर पर नजर, मैच दोपहर 3:30 बजे से

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी।

### राजस्थान और गुजरात के बीच मुकाबला आज

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है।

## शतरंज

# 11 साल की बोधना बनीं इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी...



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल की शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवानंदन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की नवीनतम रेटिंग सूची के अनुसार इंग्लैंड की शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

इस 11 वर्षीय खिलाड़ी के माता-पिता 2007 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से इंग्लैंड चले गए थे। उनके अभी 2366 रेटिंग अंक हैं। उत्तरी लंदन में रहने वाली प्राथमिक विद्यालय की छात्रा बोधना ने फिडे की सूची में चार बार की ब्रिटिश महिला चैंपियन 25 वर्षीय लैन याओ को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह पहली बार विश्व की शीर्ष 100 महिला खिलाड़ियों में भी शामिल हो गई हैं। वह अभी 72वें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी।

### हैरो की स्कूली छात्रा की बड़ी उपलब्धि

विज्ञप्ति के अनुसार, ' यह हैरो की एक स्कूली छात्रा के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने (2020 के कोविड19) लॉकडाउन के दौरान उस बैग में शतरंज का बोर्ड और सेट मिलने के बाद इस खेल को अपनाया, जिसे उसके पिता फेंकना चाह रह थे।' भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शिवानंदन को बधाई दी और उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने सरकारी आवास पर उनके साथ एक मैच खेला था। सुनक ने एक्स पर पोस्ट किया, 'केवल 11 साल की उम्र में इंग्लैंड की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी बनने पर बोधना शिवानंदन को बहुत-बहुत बधाई। हम एक बार डाउनिंग स्ट्रीट गार्डन में एक-दूसरे के खिलाफ खेले थे। उनकी सफलता कोई हैरानी की बात नहीं है।'

# महिला चैंपियंस लीग : बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड पर दागे 6 गोल, आठवीं बार सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना

बार्सिलोना ने एक बार फिर दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया और महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया। बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 6-2 से जीता था।

इस तरह से उसने कुल मिलाकर 12-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार की चैंपियन टीम बार्सिलोना की तरफ से दूसरे चरण में कैरोलिन ग्राहम हैनसेन ने दो गोल जबकि एलेक्सिया पुटेलस, इरेन पारेडेस, ईवा पजोर और एस्मी ब्रुग्ट्स ने एक-एक गोल किया। बार्सिलोना सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख का सामना करेगा। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में ओलंपिक लियोनेस ने को वोल्फ्सबर्ग को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला मौजूदा चैंपियन आर्सेनल से होगा। वोल्फ्सबर्ग पहले चरण के बाद 1-0 से आगे था। इस तरह से लियोनेस ने कुल 4-1 से जीत दर्ज की।



# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप: निकहत जरीन प्रिया और प्रीति पवार ने पदक पक्का किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। निकहत ज़रीन, प्रिया और प्रीति पवार ने के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में भारत के खिलाड़ियों ने तीन पदक पक्के कर लिए है। यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित की जा रही है। महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में निकहत का दबदबा रहा और उन्होंने फिलीपींस की शियान बागहिन को पहले ही राउंड में रेफरी द्वारा मुकाबले को रोके जाने के आदेश से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में निकहत का मुकाबला चीन की वू यू से होगा, जिन्होंने 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने संयम और परिपक्वता का परिचय देते हुए चीन की चेंग्यू यांग को 4-1 से हराया। सेमीफाइनल में प्रिया का मुकाबला मंगोलिया की नामुन मोनखोर से होगा। 54 किलोग्राम वर्ग में, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक विजेता प्रीति ने पांचवें दिन के सबसे शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति ने मंगोलिया की मुंगुन त्सेत्सेग को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में प्रीति का मुकाबला इम ऐजी के साथ होगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इससे पहले टूर्नामेंट में, विश्वनाथ सुरेश (पुरुष 50 किलोग्राम) और सचिन (पुरुष 60 किलोग्राम) ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में अपने-अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीते थे। दीपक ने टूर्नामेंट में पहले पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में अपना पहला दौर का मुकाबला जीता था, क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के ज़ियाद ईशाश से 4-1 से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

- यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में चल रही

- भारत ने महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यीय टीम भेजी





## अरामको चैंपियनशिप

# अदिति का सर्वश्रेष्ठ, 58वें स्थान पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| लास वेगास

अदिति अशोक ने भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह अरामको चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 58वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में दो ओवर 72 का स्कोर बनाया। भारत की अन्य खिलाड़ियों में अवनि प्रशांत, दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।

अवनी और दीक्षा तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर, जबकि प्रणवी चार ओवर 76 के स्कोर के साथ संयुक्त 90वें स्थान पर हैं। कट दो ओवर पार पर निर्धारित किया गया है। इससे अदिति मुश्किल में पड़ गई हैं जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों पर दूसरे दौर के बाद बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। पहले दौर के बाद जापान की मियू यामाशिता और नासा हाटाओका तथा अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इन तीनों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।



## टेक्सास ओपन

# येल्लामाराजू की अंडर 69 स्कोर से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| सैन एंटोनियो

भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येल्लामाराजू ने वैलेरो टेक्सास ओपन में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं।

पहले दौर के बाद मार्क हबर्ड शीर्ष पर काबिज थे। उन्होंने सात अंडर 65 का स्कोर बनाया। हबर्ड ने चौथे होल में बोगी की लेकिन इसके बाद उन्होंने आठ बर्डी लगाकर दिन का अच्छा समापन किया। येल्लामाराजू ने 10वें, 11वें और 12वें होल में लगातार तीन बर्डी लगाकर शुरुआत की, लेकिन 15वें और 18वें होल पर वह बोगी कर बैठे। उन्होंने 17वें होल में एक और बर्डी हासिल की। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले 9 होल की शुरुआत दो बर्डी से की, लेकिन पांचवें और सातवें होल पर शॉट गंवा दिए। उन्होंने नौवें होल पर बर्डी के साथ पहले दौर का समापन किया।



## इंटरनेशनल सीरीज जापान

# करणदीप दूसरे स्थान पर, जीव को कट हासिल

एजेंसी ▶▶| चीबा

भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने 20 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज जापान में लगातार दूसरा बोगी मुक्त दौर खेला, जिससे वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। कोचर (67-65) छह-अंडर 65 के कार्ड से पार-71 कोर्स पर 10-अंडर के कुल स्कोर पर हैं।

कट में जगह बनाने वाले एकमात्र अन्य भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह (72-69) हैं, जिन्होंने 17वें होल पर बर्डी लगाकर एक-अंडर पर कट में जगह बनाई। कोचर ने पहले दिन तीन बर्डी लगाई थीं और कोई बोगी नहीं की थी। उन्होंने दूसरे दौर में भी कोई बोगी नहीं की और पांच बर्डी लगाई। वह जापान के शुगो इमाहारा (67-65) के साथ दूसरे स्थान पर हैं और कोरिया के होंगटेक किम (64-67) से एक स्थान पीछे हैं।







# रिजीम बदलने निकले ट्रंप की सरकार खुद मुश्किल में



## अटॉर्नी जनरल बोंडी को हटाया, आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को जबरन दिलाया रिटायरमेंट

**एक महीने से भी ज्यादा वक्त तक ईरान से जंग लड़ने के बाद भी जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप उसे जीत नहीं पा रहे हैं, तो उन्होंने अपना निशाना बदल दिया है और अब अपने ही लोगों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' कर दी है। ट्रंप ने अपने बड़े-बड़े सैन्य अधिकारियों से लेकर देश के सबसे बड़े वकील तक का पद छीन लियाहै। ट्रंप ने कुछ को जबरन रिटायर होने का आदेश दे दिया है, तो कुछ की भूमिका बदलकर ये भी साबित करने की कोशिश की है कि ईरान से जंग लड़ने का फैसला, उसकी दशा और उसकी दिशा पेंटागन नहीं, बल्कि वॉशिंगटन तय करेगा।**

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मिडिल ईस्ट की जंग के बीच 2 बड़े फैसले लिए हैं। एक तो उन्होंने अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को पद से हटा दिया है। दूसरा रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ के जरिए आर्मी चीफ रैंडी जॉर्ज को रिटायरमेंट लेने का आदेश दिया है। पाम बोंडी को पद से हटाने की वजह जेफरी एपस्टीन की फाइल्स हैं। वहीं जॉर्ज का जबरन रिटायर करने की वजह स्पष्ट नहीं है, लेकिन चर्चा है कि ट्रंप की कुछ नीतियों को सेना में लागू करने में वे सक्षम नहीं हैं। दो अन्य प्रमुख जनरल चीफ ऑफ चैपलिन मेजर जनरल विलियम ग्रीन और यूएस आर्मी ट्रांसफॉर्मेशन एंड ट्रेनिंग कमांड के कमांडिंग जनरल जनरल डेविड होडने पर भी गाज गिरी है। वहीं, ईरान की लिस्ट में कुवैत, यूएई, सऊदी अरब और जॉर्डन के कई महत्वपूर्ण पुल जैसे- शेख जाबेर अल-अहमद समुद्री पुल (कुवैत), शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज, शेख खलीफा ब्रिज (यूएई), किंग फहद कॉजवे (सऊदी अरब-बहरीन) और जॉर्डन के किंग हुसैन, डामिया और अबदून ब्रिज शामिल हैं।

### काश पटेल और तुलसी गबार्ड पर भी गिर सकती है गाज

अमेरिकी वेबसाइट द अटलांटिक की रिपोर्ट के मुताबिक अगला नंबर एफबीआई चीफ काश पटेल और नेशनल इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड का हो सकता है। ईरान ने अपने बी-1 ब्रिज पर अमेरिकी हमले का बदला लेने के लिए मिडिल ईस्ट के 8 बड़े पुलों की लिस्ट जारी कर उन्हें तबाह करने की धमकी दी है।

### बोंडी को हटाने की वजह

राष्ट्रपति ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को पद से नाराजगी के कारण हटाया। बोंडी पर जेफरी एपस्टीन से जुड़ी फाइलों की जांच को गलत तरीके से करने और राष्ट्रपति ट्रंप के विरोधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने में देरी करने के कारण पद से हटाया गया है। राष्ट्रपति ट्रंप उनके काम करने के तरीके से नाराज थे।

### जॉर्ज के 'जबरन रिटायर की वजह

बताया गया है, जनरल रैंडी जॉर्ज को रिटायर करने की वजह ईरान युद्ध में तैनात सैनिकों का मनोबल नहीं बढ़ाना है। सूत्रों के अनुसार, मंत्री हेगसेथ ऐसे शख्स को सेना की कमान सौंपना चाहते हैं, जो राष्ट्रपति ट्रंप के अनुसार काम करे और उनके विजन को पूरा करने में हरसंभव सहयोग करेगा।



ईरान ने इजराइल के रमत गन शहर पर क्लस्टर बम से हमले में अपने क्षतिग्रस्त घर को देखती महिला

### ईरान का आरोप- युद्ध में 600 से अधिक स्कूल तबाह, बच्चों की पढ़ाई पर असर

तेल अवीव/ तेहरान। इजराइल और अमेरिका का ईरान के साथ जारी भीषण टकराव अब अपने 35वें दिन में प्रवेश कर चुका है और हालात ज्यादा खतरनाक रूप ले चुका है। मिसाइलों की बारिश और लगातार धमाकों ने तबाही का मंजर खड़ा कर दिया है। यह युद्ध अब सीमाओं को तोड़कर वैश्विक खतरा बन गया है, जहां हर पल विनाश और अनिश्चितता का साया गहराता जा रहा है। ईरान ने दावा किया है कि 28 फरवरी से जारी हमलों में देश के शिक्षा क्षेत्र को भारी नुकसान हुआ है। ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, अमेरिका और इजराइल के हमलों में अब तक 600 से ज्यादा स्कूल और शैक्षणिक संस्थान प्रभावित हुए हैं। इन हमलों से स्कूलों की इमारतें नष्ट या क्षतिग्रस्त हुई हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है। साथ ही कई जगह छात्रों और शिक्षकों के हताहत होने की भी खबरें सामने आई हैं। इस घटनाक्रम के बाद ईरान ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से इस मुद्दे पर ध्यान देने और कार्रवाई करने की मांग की है।

**ईरान ने बदली युद्ध की रणनीति**

## कुवैत में पानी और यूएई में तेल के प्लांट पर किया जोरदार हमला

ईरान ने मिडिल ईस्ट में जंग का रुख बदल दिया है। उसने कुवैत के पानी प्लांट और अबू धाबी के गैस प्लांट पर हमलों से खाड़ी देशों में हड़कंप मच गया है। कुवैत के मीना अल-अहमदी पोर्ट पर बनी ऑयल रिफाइनरी पर दो हफ्तों में तीसरी बार हमला हुआ है। यह मिडिल ईस्ट की सबसे बड़ी रिफाइनरी में से एक है। कुवैत और ईरान की दूरी सिर्फ 80 किमी दूर है। वहीं, ईरान ने अबू धाबी में हबशन गैस फैसिलिटी के पास एयर डिफेंस सिस्टम द्वारा एक हमले को इंटरसेप्ट किया गया, लेकिन इसके बाद गिरे मलबे से आग लग गई। स्थानीय प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्लांट का संचालन अस्थायी रूप से बंद कर दिया।

### ईरान की नई धमकी- छुआ तो मिडिल ईस्ट में 8 ब्रिज उड़ा देंगे

ईरान ने मिडिल ईस्ट के 8 बड़े पुलों की सूची जारी कर उन्हें तबाह करने की धमकी दी है। ईरानी सेना के प्रवक्ता इब्राहिम जोल्फाघरी ने कहा कि अगर हमारे पुल, बिजली घर या ऊर्जा ढांचे को छुआ, तो हम आपके पूरे क्षेत्र के ठिकाने खत्म कर देंगे। ईरान की सूची मेंशेख जाबेर अल-अहमद समुद्री पुल (कुवैत), शेख जायद ब्रिज, अल मकता ब्रिज, शेख खलीफा ब्रिज (यूएई), किंग फहद कॉजवे (सऊदी अरब-बहरीन) और जॉर्डन के किंग हुसैन, डामिया और अबदून ब्रिज शामिल हैं।

### अबू धाबी में मिसाइलों के मलबे से पांच भारतीय घायल

**दुबई (भाषा)** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा अवरुद्ध की गई मिसाइलों के मलबे के कारण अबू धाबी में शुक्रवार को पांच भारतीय नागरिक घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। यूएई की सरकारी समाचार एजेंसी डब्ल्यूएएम की खबर के अनुसार, प्राधिकारियों ने पुष्टि की कि इस घटना में छह नेपाली नागरिकों और पांच भारतीय नागरिकों को मामूली से मध्यम चोटें आई हैं। अबू धाबी मीडिया कार्यालय के अनुसार, एक अन्य नेपाली नागरिक गंभीर रूप से घायल हुआ है यानी कुल 12 लोग घायल हुए हैं। संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, यूएई की वायु रक्षा प्रणालियों ने शुक्रवार को ईरान की ओर से दागी गई 18 बैलिस्टिक मिसाइल, चार क्रूज मिसाइल और 47 मानव रहित यान (यूएवी) को उनके लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ही अवरुद्ध कर दिया।

### होर्मुज प्रबंधन को लेकर बना रहे प्रोटोकॉल

भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, और इसे 4 अप्रैल को गुजरात के पास पहुंचना था लेकिन उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है।

**आईआरजीसी का दावा**

## तेल पर अवीव पर जोरदार हमला



ईरानी रिवॉल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने तेल अवीव और एय्लात में इजराइली सेना और सैन्य औद्योगिक कंपनियों पर ताजा हमले करके भारी नुकसान पहुंचाया है। आईआरजीसी ने कहा कि इन हवाई हमलों में इजराइली ठिकानों और उपकरणों को नष्ट किया गया। इजराइल की तरफ से अब तक इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इलाके में सुरक्षा अलर्ट और एंटी-मिसाइल सिस्टम सक्रिय हैं।

## ईरानी तेल टैंकर चीन की तरफ मुड़ा, 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा

भारत के लिए आ रहा ईरानी कच्चे तेल का टैंकर अचानक अपना रास्ता बदलकर चीन की ओर मुड़ गया। यह टैंकर करीब 7 साल बाद भारत पहुंचने वाला पहला ईरानी तेल जहाज था और गुजरात के वाडिनार पोर्ट की ओर आ रहा था। इसमें करीब 6 लाख बैरल कच्चा तेल लदा हुआ था। शिप ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक जहाज पिछले तीन दिनों से भारत की ओर बढ़ रहा था, और इसे 4 अप्रैल को गुजरात के पास पहुंचना था लेकिन उसने अपना रास्ता बदल दिया और अब चीन के डोंगयिंग शहर की तरफ जा रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसके पीछे भुगतान से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं।

### ईंधन पर केंद्र के निर्देश, राज्य जमाखोरी, कालाबाजारी रोकें

होर्मुज बंद होने से पैदा हुई आपूर्ति चिंताओं के बीच केंद्र ने राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को पेट्रोलियम उत्पादों और एलपीजी की जमाखोरी तथा कालाबाजारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने एस्मा और एलपीजी नियंत्रण आदेश के प्रावधानों को लागू करते हुए राज्यों से कार्रवाई तेज करने, तेल विपणन कंपनियों के साथ मिलकर दैनिक छापेमारी एवं निरीक्षण करने और गलत सूचनाओं के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतने को कहा है।

### भारत की ओर बढ़ रहा एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी', 58 हजार एमटी एलपीजी

58,811 मीट्रिक टन की क्षमता वाला भारत का एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी' होर्मुज के जलडमरूमध्य को पार कर रहा है, जो पश्चिमी एशिया में चल रहे तनाव के बीच भारत के लिए एक महत्वपूर्ण राहत है। 'ग्रीन सान्वी' ने अपना ऑटोमैटिक आइडेंटिफिकेशन सिस्टम चालू कर दिया है और क्यूशम-लारक क्रॉसिंग की ओर बढ़ रहा है। 'ग्रीन सान्वी' पश्चिम एशिया के तनाव शुरू होने के बाद से होर्मुज से गुजरने वाला सातवां भारत-आने वाला एलपीजी वाहक है।

**अमेरिकी कंपनी पर सख्त एचएएल**

## तेजस एमके1ए के इंजन देरी के लिए जीई एयरोस्पेस पर जुर्माना लगाएगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी कंपनी जीई एयरोस्पेस पर सख्त रुख अपनाते हुए तेजस एमके1ए लड़ाकू विमान के इंजन आपूर्ति में देरी के लिए जुर्माना लगाने का फैसला किया है। एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने स्पष्ट रूप से कहा कि अमेरिकी कंपनी को एफ404-आईएन20 इंजन समय पर नहीं देने के कारण लिक्विडेटेड डैमेजेस यानी जुर्माना लगाया जाएगा। यह फैसला इसलिए लिया गया है क्योंकि तेजस एमके1ए प्रोजेक्ट इंजन की कमी से दो साल से ज्यादा समय से अटका है।



*प्रोजेक्ट दो साल से अटका हुआ*

*20 इंजन देने से मिले सिर्फ छह ही*

भारतीय वायुसेना नए विमानों का इंतजार कर रही है, लेकिन इंजन न मिलने से डिलीवरी रुकी हुई है। जीई एयरोस्पेस के साथ 99 एफ404 इंजनों का अनुबंध हस्ताक्षर हुआ था। इन इंजनों को तेजस एमके1ए के लिए इस्तेमाल किया जाना है। कंपनी को 2024 से डिलीवरी शुरू करनी थी। हर साल 20 से ज्यादा इंजन देने थे। लेकिन अब तक सिर्फ 6 इंजन ही मिले हैं। बाकी इंजनों की डिलीवरी में भारी देरी हो रही है।

### मालदा हिंसा मामला मास्टरमाइंड को एयरपोर्ट से दबोचा, 33 गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पश्चिम बंगाल में न्यायिक अधिकारियों पर हमले के मामले में जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही, शुक्रवार दोपहर तक बंगाल पुलिस की ओर से इस मामले में की गई कुल गिरफ्तारियों की संख्या बढ़कर 33 हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में अधिकारियों पर हुए हमले की जांच एनआईए को सौंपी है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए प्रारंभिक जांच दर्ज की है। इधर, गिरफ्तारियों की संख्या की पुष्टि करते हुए उत्तरी बंगाल के एडीजी के. जयरामन ने बताया कि पुलिस ने कुल 19 मामले दर्ज किए हैं। ये मामले अधिकारियों के साथ बदसलूकी और कालियाचक के अलग-अलग इलाकों में अवैध रूप से सड़क जाम करने से जुड़े हैं।

### हरियाणा समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में भूकंप के झटके

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली, जम्मू कश्मीर, पंजाब और हरियाणा सहित उत्तर भारत में कई स्थानों पर शुक्रवार रात करीब 9:45 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए। भूकंप के कारण किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। जम्मू-कश्मीर के एक अधिकारी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.9 थी। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में 36.398 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 70.878 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था। उन्होंने बताया कि भूकंप की गहराई 150 किलोमीटर थी। चंडीगढ़ निवासी बलदेव चंद ने बताया, कि मुझे कुछ सेकंड तक तेज झटके महसूस हुए। वह दूसरी मंजिल पर एक फ्लैट में रहते हैं। पंजाब के जीरकपुर स्थित एक आवासीय सोसाइटी की 11वीं मंजिल पर रहने वाले अजय कुमार ने कहा कि झटके कुछ सेकंड तक महसूस किए गए।

### एलजी ने दिया आदेश- 7 दिन में मजिस्ट्रियल जांच कर 'रिपोर्ट' दें

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के अरहामा इलाके में बुधवार की सुबह सेना ने एक ऑपरेशन चलाया। सेना का कहना था कि उन्हें खुफिया जानकारी मिली थी कि इस इलाके में एक स्थानीय आतंकी छुपा हुआ है। ऑपरेशन के बाद सेना ने ऐलान किया कि एक आतंकी मारा गया। लेकिन जब यह पता चला कि गांदरबल के लार गांव का रहने वाला 29 साल का रशीद अहमद मुगल मारा गया है तो प्रदेश के सीएम उमर अब्दुल्ला और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने इस एनकाउंटर यानि सेना के ऑपरेशन पर सवाल उठाए। सीएम ने जांच की मांग की थी और पीडीपी चीफ ने इसका समर्थन किया था। अब एलजी मनोज सिन्हा ने मामले में मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए हैं और सात दिनों के भीतर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। बता दें, रशीद अहमद ने बीए तक पढ़ाई की थी। अपने गांव में ही कंप्यूटर ऑपरेटर का काम करता था।






**एयरलाइन्स के विरोध के बाद पीछे हटी सरकार, 15 दिन में फैसला बदला**

## हवाई यात्रियों को झटका! 60% फ्री सीट वाले आदेश पर रोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

विमानन क्षेत्र को बड़ी राहत देते हुए नागरिक उड्डयन मंत्रालय (मोका) ने एयरलाइंस के लिए 60% सीटों को मुफ्त आवंटित करने के आदेश को फिलहाल अगले निर्देश तक स्थगित कर दिया है। यह फैसला एयर टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की बढ़ती कीमतों और एयरलाइंस के बढ़ते ऑपरेशनल खर्च के बीच लिया गया है। यह नियम 20 अप्रैल से लागू होना था, लेकिन अब इसे अगले आदेश तक स्थगित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक फेडरेशन ऑफ इंडियन एयरलाइंस (एफआईए) की अपील के बाद यह फैसला लिया गया है। इसमें इंडिगो, एयर इंडिया, स्पाइसजेट और अकासा एयर जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। एयरलाइंस ने इस नियम को वापस लेने की मांग की थी। उनके आवेदनों में उक्त प्रविधान के परिचालन संबंधी और व्यावसायिक असर पर प्रकाश डाला गया था, जिसमें किराये की संरचनाओं पर इसका संभावित असर और मौजूदा अनियंत्रित किराया व्यवस्था के साथ इसकी अनुकूलता शामिल है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए और इस मुद्दे की पूरी जांच होने तक फैसला लिया गया है कि, कम से कम 60 प्रतिशत सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क के देने संबंधी प्रविधान को अगले आदेश तक फिलहाल टाल दिया जाए।

- नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अगले निर्देश तक फैसला किया स्थगित



### यह है 60 फीसदी सीटों वाला नियम

बता दें कि नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने निर्देश दिया था कि भारत में सभी एयरलाइन कंपनियों को प्रत्येक उड़ान में कम से कम 60 फीसदी सीटें फ्री आवंटित करनी होंगी। यानी यात्रियों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अधिकांश सीटों का चयन करने की छूट होगी। इससे पहले कई एयरलाइंस बुकिंग या वेब चेक-इन के दौरान पसंदीदा सीटों के लिए एक्स्ट्रा चार्ज लगाती थी।

### मौजूदा नियम 20% सीटों पर ही लागू होता है

मौजूदा नियमों में पैसेंजर्स के लिए 20% सीटें ही बिना एक्स्ट्रा चार्ज दिए बुक की जा सकती हैं, जबकि बाकी सीटों के लिए भुगतान करना पड़ता है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अभी एयरलाइंस पंसद की सीटें चुनने पर 500 से 3000 रुपए तक एक्स्ट्रा चार्ज करती हैं।

### मंत्रालय ने 18 मार्च को की थी घोषणा

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 18 मार्च को घोषणा की थी कि उसने डीजीसीए को आदेश जारी कर दिया है कि, वह एयरलाइनों को इस बाबत निर्देश जारी कर दे। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने डीजीसीए को भेजे पत्र में कहा है, फेडरेशन आफ इंडियन एयरलाइंस और अकासा एयर से मिले आवेदनों के आधार पर इस मामले की समीक्षा की गई है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28